हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 11 मई 2025

तापमान

अधिकतम 41.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री



आकर्षक रौशन ने जगमगाया सिम्स का गार्डन



### वेंकटेश परिसर में मरीजों का निःशुल्क इलाज आज

**बिलासपुर।** सरकंडा सुभाष चौक वेंकटेश परिसर में 11 मई को मरीजों का निःशुल्क इलाज एवं दवा वितरण किया जाएगा। पूर्व सीएमओ डॉ. राजेश शुक्ला, डॉ. बीआर होतचंदानी, डॉ. निकिता जायसवाल सुबह 9.30 बजे से12.30 बजे तक मरीजों को निःशुल्क परामर्श देंगे।

### नागरिक संघ का निःशुल्क स्वास्थ शिविर आज

**बिलासपुर।** ज्येष्ठ नागरिक संघ एवं अपोलो हॉस्पिटल्स के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ शिविर एवं स्वास्थ जागरूकता कार्यक्रम 11 मई को अनुभव भवन बीआर यादव गार्डन बृहस्पति बाजार के पास सुबह 9 बजे से 11 बजे तक रहेगा। शिविर में अपोलो हॉस्पिटल्स की हेल्थ चेकअप फिजिशियन एवमं हेल्थ चेकअप विभाग की प्रमुख डॉ शीला कुमारी निःशुल्क परामर्श देगी।

## खेलने से पहले खिलाड़ियों की परीक्षा

# 10 सालों से खिलाड़ियों को मिल रही सिर्फ 150 रुपए डाइट मनी, इस महंगाई में इसी में दो बार का खाना और नाश्ता भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खिलाड़ियों को खेल में अपना बेहतर देने से पहले उन्हें कई परीक्षाओं से गुजरना पड़ता है। इसमें उन्हें खाना खाने से लेकर उनके आने-जाने की समस्याएं भी शामिल हैं। ऐसी स्थिति इसलिए हो रही है, क्योंकि स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से इन खिलाड़ियों को जो डाइट मनी दी जाती है, उस डाइट मनी पर खिलाड़ियों को पौष्टिक और पेट भर खाना भी मुश्किल है।

पिछले करीब 10 सालों से राज्य स्तरीय खिलाड़ियों को एक दिन का महज 150 रुपए दिया जाता है। इस 150 रुपए में खिलाड़ियों को एक टाइम का नाश्ता और दो टाइम का भोजन शामिल है। अब सवाल यह उठता है कि आज इतनी महंगाई में जहां एक टाइम का खाना ही मुश्किल से 100 रुपए में मिलता है, ऐसे में 150 रुपए में तीन टाइम खाना, उसमें भी पौष्टिक खाना, खिलाड़ी आखिर कहां से खाएगा। खास बात है कि पिछले 10 सालों से इस डाइट मनी में एक रुपए की बढ़ोत्तरी नहीं हुई है। हालांकि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में खेलने पर खिलाड़ियों को अब 250 से बढ़ाकर 350 रुपए दिए जा रहे हैं।

गौरतलब है कि खिलाड़ियों को जो 150 रुपए की राशि तीन टाइम खाने के लिए मिलती है, इसी राशि में टीम के साथ जाने वाले 20 से 30 कोच और मैनेजर भी खाना खाते हैं, क्योंकि टीम के साथ जाने वाले ऑफिशियल स्टाफ के लिए इस राज्य स्तरीय आयोजन में सीधे कोई व्यवस्था नहीं है। उन्हें टीए-डीए स्कूल से मिलता है, लेकिन आयोजन में यह सभी स्टाफ खिलाड़ियों के लिए आए मेस में ही खाना खाते हैं। वहीं कई पीटीआई स्कूलों से अलाउंस लेते हैं। जबकि खिलाडियों को इसी राशि में खाना दिया जाता है।

अलग खबर

» खिलाड़ियों को तय मीनू के हिसाब से नहीं मिल पा रहा खाना, इसलिए परफार्मेंस कमजोर

» ऑफिशियल स्टाफ के लिए अलग से व्यवस्था नहीं इसलिए इसी राशि से बनता है भोजन



### की गई है बढ़ाने की मांग

खिलाड़ी को खेल राशि से सुबह- शाम भोजन, स्पेशल डाइट और स्पोर्ट्स सामग्री की व्यवस्था की जाती है। स्कूली खिलाड़ियों को जो भत्ता दिया जा रहा है। यह सही है कि करीब 10 साल पहले डाइट मनी तय की गई थी। इसे बढ़ाने की मांग की जा रही है।

**- जीडी गर्ग,** सहायक संचालक, क्रीड़ा

### मेस के खाने के खर्चा बिल भी नहीं लगाते

ध्यान रहे कि स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से खिलाडियों को संभाग स्तरीय, राज्य स्तरीय और राष्ट्रीय स्तर के लिए डाइट मनी के तौर पर पैसे देने का ही प्रावधान है लेकिन आपसी सहमति से इसे बदलकर मेस की व्यवस्था लागू कर ली गई है। इसके पीछे खेल से जुड़े जिम्मेदारों का तर्क भी यही है कि जितना पैसा विभाग देता है, उतने में खिलाड़ी एक टाइम भी अच्छे से खाना नहीं खा सकता है। ऐसे में उन्हें मेस के माध्यम से खाना खिलाया जाता है। मेस में एक साथ खाना बनाने पर आसानी से सभी को हो जाता है। हालांकि विभाग में मेस के खाने के खर्च का बिल नहीं लगाया जाता है, बल्कि जो पैसा खिलाडियों से डाइट मनी से लिया जाता है उसे ही खर्च किया जाता है।

### 50 और 65 रुपए लेते हैं छात्रों से खेल शुल्क

गौरतलब है कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा कक्षा 9वीं और 10वीं के छात्रों से 50 रुपए खेल शुल्क और कक्षा 11वीं और 12वीं के छात्रों से 65 रुपए बतौर खेल शुल्क लिया जाता है। इस खेल शुल्क का 50 प्रतिशत राशि स्कूलों में रहता है, इससे स्कूलों में खेल मैदान मेंटेनेंस, खेल सामान और अन्य खेल आयोजन पर खर्च होते हैं। बाकी बचे 10 प्रतिशत राशि ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, 20 प्रतिशत राशि जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय और 10 प्रतिशत राशि संभाग कार्यालय को भेजी जाती है। इसी राशि से ही जिला स्तरीय, संभाग स्तरीय और राज्य स्तरीय आयोजन में खिलाडियों को भोजन के लिए राशि दी जाती है।




भारतीय सेना के वाहनों को लेकर जाता मालवाहक आज बिलासपुर रेलवे स्टेशन से गुजरा।

# बरसी आग, प्रदेश में सबसे गर्म रहा बिलासपुर

**बिलासपुर।** हवाओं का रूख बदलते ही सूरज की तीखी किरणें भू मंडल पर सीधे पड़ रही हैं, इसका नतीजा यह है कि तापमान में एकाएक इजाफा हो चुका है। शनिवार को सूरज इस कदर तपा कि प्रदेश में सर्वाधिक तापमान बिलासपुर में दर्ज किया गया। इस दौरान धूप की तेजी देखकर हर कोई हैरान रहा। दोपहर बारह बजे तापमान 41 डिग्री पर जा पहुंचा।

पिछले कुछ दिनों से गर्मी से राहत मिल रही थी, लेकिन दो दिन से सूरज आसमान से आग बरसा रहा है। दोपहर 12 बजे के बाद सड़कें सूनी हो रही हैं, बाहर निकलने से पहले लोग सोचने को मजबूर हो रहे हैं। शनिवार की सुबह से ही तीखी धूप रही, और इस दौरान सूरज 11 घंटे तक चमकता रहा, जिसके चलते तापमान 41 डिग्री दर्ज किया गया। खास बात यह है कि रात में भी तापमान 26 डिग्री दर्ज किया जा रहा है, ऐसे में रात में भी गर्मी से राहत नहीं मिल रही है। सूरज की तपिश के चलते लोगों का हाल बेहाल हो रहा है और उन्हें लू लग रही है, हाल यह है कि शाम 7 बजे तक गर्म हवा के थपेड़े लोगों को झुलसाने में लगे हैं। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान बढ़ने की उम्मीद है। वहीं प्रदेश के कुछ जिलों में अंधड़ चलने की आशंका भी बनी हुई है।

### साल 2017 में पहुंच गया था 49.3 डिग्री

मौसम विभाग द्वारा ऑल टाइम टेम्पेचर के मानक के अनुसार 23 मई 2017 को तापमान 49.3 डिग्री दर्ज किया गया था। बीते दशकों में मई माह में तापमान 44 से 46 डिग्री के बीच रहा है। साल 2015 में 46.9 डिग्री, 2016 में 45.1 डिग्री, 2018 में 44.5 डिग्री, 2019 में 46.2 डिग्री,2020 में 45.8 डिग्री, 2021 में 41.2, 2022 में 45.4, 2023 में 43.8 और पिछले साल 2024 में 46.8 डिग्री दर्ज किया गया है। बताया जा रहा है कि इस साल भी 22 मई से 30 मई के बीच पारा 45 डिग्री के पार जा सकता है।



■ शाम 7 बजे तक चलती रही गर्म हवा

### 25 से नवतपा

प्रचंड गर्मी की मार मई के आखिरी सप्ताह से शुरू होगी। वहीं 25 मई से नवतपा की शुरूआत हो रही है और 9 दिनों तक सूरज अपने तेवर दिखाएगा। 8 जून तक चलने वाले नवतपा के दौरान सूर्य और पृथ्वी की दूरी काफी करीब हो जाने से सूरज से निकलने वाली तीखी किरणें सीधे जमीन तक पहुंचेंगी, इस दौरान तापमान बढ़ना तय है। कहा जाता है कि नवतपा की शुरूआत के15 दिन पहले ही तापमान में बढ़ोत्तरी होने लगती है।

**अंधड़ की आशंका** मौसम विभाग का कहना है कि प्रदेश में चक्रवाती हवाओं का जोर है, इस दौरान हवा 40-50 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चल सकती है हालांकि इसका असर प्रदेश के दक्षिण क्षेत्रों में अधिक रहेगा।

## बम निरोधक दस्ता से जांच करवाकर की गई माकड्रिल

# सायरन बजाकर 5 मिनट में खाली कराया मॉल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शनिवार की शाम 36 सिटी मॉल के सामने पुलिस सायरन बजने से हड़कंप मच गया। नीचे बेस में उपस्थित लोग मॉल से निकलकर भागने लगे। भगदड़ होते देख पुलिस अधिकारियों ने माकड्रिल की जानकारी देते हुए 5 मिनट में लोगों को बाहर किया। उसके बाद बम निरोधक दस्ता के द्वारा पूरे मॉल में संदिग्ध सामानों की जांच की गई। कलेक्टर, एसपी ने मॉल का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था जायजा लिया। बाद में पता चला कि माकड्रिल की गई है।

शनिवार की शाम 7 बजे दो एडीशनल एसपी, दो डीएसपी, दो टीआई, आरआई व 30 से 40 जवान पुलिस गाड़ी से मंगला चौक स्थित 36 सिटी मॉल गए और बाहर गाड़ियों को खड़ी कर सायरन बजाकर लोगों को बाहर निकलने एनाउंमेंट करने लगे। सायरन व एनाउंसमेंट सुनकर मॉल में घूमने आए लोगों में भगदड़ मच गई। पुलिस अधिकारियों ने तत्काल कमान सम्भालते हुए लोगों को माकड्रिल की जानकारी देते हुए आराम से निकलने कहा। इस तरह 5 मिनट में नीचे बेस की भीड़ बाहर निकल गई। पुलिसकर्मी पहले, दूसरी, तीसरी माले में जाकर जो लोग दुकानों के अंदर खरीददारी कर रहे थे, उन्हें दुकान के अंदर रहने व बाहर घूमने वालों को मॉल के बाहर निकाला गया। उसके बाद बम निरोधक दल डॉग स्काट के साथ मॉल के चप्पे चप्पे में जाकर सूक्ष्मता से जांच की गई। उसके बाद कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह अधिकारियों के साथ मॉल का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। जांच के बाद अधिकारी लोगों को माकड्रिल करने की जानकारी देकर लौट गए। ज्ञात हो भारत व पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम होने के बाद माकड्रिल की गई है।



मॉकड्रिल के दौरान जवानों को दिशा निर्देश देते एसएसपी।

### बम स्कॉट ने खोज निकाला संदिग्ध बैग

मॉल खाली होने के बाद बस निरोधक दल डॉग के साथ मॉल के अंदर गए। इसके पूर्व में पुलिसकर्मियों के द्वारा मॉल के अंदर अलग अलग जगहों में संदिग्ध बैग व सूटकेस छिपाकर रख दिया था। बम निरोधक डॉग मॉल में खोजबीन करते हुए संदिग्ध बैग व सूटकेस को खोज निकाला। उसके बाद अधिकारी बैग व सूटकेस को जब्त कर लिए।

### रेलवे स्टेशन में की गई जांच

36 सिटी मॉल के बाद पुलिस अधिकारी जवानों के साथ रेलवे स्टेशन गए और प्लेटफार्म में खड़े यात्रियों व उनके सामानों की एचएचएमडी से जांच की गई। उसके बाद सभी यात्रियों को प्लेटफार्म के किनारे खड़ा करा दिया गया। उसके बाद पुलिस दल के द्वारा प्लेटफार्म में संदिग्ध सामानों की जांच की गई। बाद में यात्रियों को मार्कड्रील की जानकारी देकर पुलिस टीम लौट गई।

### माकड्रिल की गई

36 सिटी मॉल व रेलवे स्टेशन में सुरक्षा की दृष्टि से मार्कड्रील किया गया है। मॉल में सायरन बजाकर 5 मिनट में खाली कराया गया। बम निरोधक दल डॉग से पूरे मॉल की जांच कराई गई। डॉग के द्वारा संदिग्ध बेग व सूटकेश खोज निकाला गया। रेलवे स्टेशन में भी माकड्रिल की गई है।

**- राजेन्द्र जायसवाल**
एडीशनल एसपी

## रेलवे इलेक्ट्रिकल इंजीनियर के खिलाफ जुर्म दर्ज

# नौकरी लगाने का झांसा 10 लाख की ठगी

**बिलासपुर।** कोर्ट के आदेश पर नौकरी लगाने का झांसा देकर 10 लाख रुपए की ठगी करने वाले इंजीनियर के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, मंगला गंगानगर निवासी चंद्रविजय सिंह 44 साल का रेलवे बंगलायार्ड निवासी रेलवे के इलेक्ट्रिकल इंजीनियर हेलन कुमार साहू से जान पहचान थी और उनका घर आना जाना था। अक्टूबर 2019 में बातचीत के दौरान उसने चंद्रविजय की पत्नी नेहा के शैक्षणिक योग्यता के संबंध में पूछा। उनकी पत्नी नेहा उसे शैक्षणिक योग्यता बताई। उसके बाद उसने नौकरी करने की बात पूछी।




उन्होंने नौकरी मिल जाने पर काम करने की इच्छा जाहिर की। हेलन कुमार ने अपनी जान पहचान होने की बात कहते वैकेंसी निकलने पर नेहा को फार्म भरने के लिए कहा। एक माह बात उसने नेहा से शैक्षणिक व आवश्यक दस्तावेज लिया और इंटरव्यू के पहले नौकरी लगाने के लिए 10 लाख रुपए की मांग की। कोविड के कारण उनका सब काम बंद हो गया था। तीन साल बाद जून 2022 में श्री सिंह अलग-अलग किश्तों में हेलन कुमार को 10 लाख रुपए दिए। नौकरी नहीं लगने उन्होंने अपना पैसा वापस मांगा तो हेलन कुमार ने पैसा लौटाने से इनकार कर दिया। शिकायत पर थाने में कार्रवाई नहीं होने पर श्री सिंह ने कोर्ट में इंजीनियर के खिलाफ परिवाद पेश किया। शनिवार को कोर्ट के आदेश पर सिविल लाइन पुलिस ने श्री सिंह की रिपोर्ट पर इंजीनियर हेलन कुमार के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।



Aasma
जिस पर विश्वास एक परंपरा है।

# आसमाँ की ज़मीन पर, रिश्तों का महल 1600 परिवारों की ख़ुशियों भरी चहल-पहल

OPERATION SINDOOR
आसमाँ से एयर स्ट्राइक
सिंदूर को मिला न्याय
जय हिन्द



आसमाँ बिल्डर्स ने आपके सपनों को साकार करने के लिए तैयार किये है पाँच तरह के ख़ूबसूरत घर.
जहाँ हर ईंट में बसा है विश्वास और हर कोने में रची बसी है 1600 परिवारों की ख़ुशियाँ.
आप भी आइये और अपने सपनों से घर में अपने आसमाँ का ख़ूबसूरत टुकड़ा जोड़ लीजिये.



AASMA ORCHID



AASMA TULIP



AASMA GULMOHAR



AASMA FLORA



AASMA LILY

1600 परिवारों का अटूट भरोसा

## विशेष सुविधाएँ

**गेट और सुरक्षा**
मुख्य प्रवेश द्वार पर ग्रिल्ड गेट, जहाँ पूरी सुरक्षा जाँच के बाद ही प्रवेश की अनुमति

**स्विमिंग पूल**
एक ख़ूबसूरत स्विमिंग पूल (प्रस्तावित)

**गार्डन और पार्क**
5 शानदार तरीके से मेंटेन किए गए गार्डन और पार्क

**सामुदायिक केंद्र, क्लब और जिम**
सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए बहुउद्देशीय सामुदायिक केंद्र, क्लब हाउस और जिम

**शॉपिंग आर्केड**
एक सुव्यवस्थित शॉपिंग आर्केड, जहाँ रोज़मर्रा की ज़रूरत की सभी चीज़ें आसानी से उपलब्ध

## अतिरिक्त इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधाएँ

- 40 फीट और 30 फीट चौड़ी सीमेंटेड सड़कें, दोनों ओर हरियाली के साथ
- 24 घंटे पेयजल की आपूर्ति
- पर्यावरण-अनुकूल सीवेज और बंद ड्रेनेज सिस्टम
- पूरे परिसर के लिए अलग ट्रांसफॉर्मर
- पूरी तरह सुरक्षित प्रवेश, केवल उचित सत्यापन के बाद

आसमां रेसीडेन्सियल एनक्लेव, जैन इंटरनेशनल स्कूल के सामने, मुंगेली रोड, बिलासपुर (छ.ग.)

# आसमां बिल्डर्स एण्ड कॉलोनाइजर्स लिमि.

हेड ऑफ़िस - मुंगेली रोड, मिनोचा कॉलोनी, बिलासपुर (छ.ग.) | M.: 9984999855, 9981620000, 9755855116

बिलासपुर, रविवार 11 मई 2025

हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



आयोजन

## कलाकारों ने दी नृत्य व रवीन्द्र संगीत की मनमोहक प्रस्तुति



**बिलासपुर।** नववर्ष उज्जापन कमेटी, एसईसीएल वसंत विहार ने लखीराम अग्रवाल सभागार में गुरुदेव रवीन्द्रनाथ की 164 वीं जन्म दिवस के अवसर पर कोलकाता से आए संगीत शिल्पी संजीव ब्रजवासी ने रवीन्द्र संगीत की मनमोहक प्रस्तुति दी। उनके गीत में गुरुदेव के प्रति समर्पण परिलक्षित हुई। उनके साथ तबले पर संगति संदीप चट्टोपाध्याय ने दी। बोर्ड पर बबलू गंधर्व ने साथ दिया। कार्यक्रम में एक अनुष्ठान के माध्यम से गुरुदेव रविंद्र को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कोलकाता से आए संकल्प नृत्यांयन नृत्य संस्था ने राधा-कृष्ण की लीला पर आधारित विश्व कवि रवींद्रनाथ ठाकुर की रचना को नृत्य नाट्य तू हूं मम माधव के रूप में प्रस्तुत किया और बताया कि भारत की प्राचीन प्रेम कथाओं में राधा कृष्ण की लीला की प्रस्तुति होती आ रही हैं, पर संकल्प नृत्यांयन प्रमुख सुविकाश मुखर्जी सहित अन्य नृत्यांगनाओं की अपूर्व शैली और कुशल नृत्य प्रतिभा से लोग राधा-कृष्ण की अदभुत लीला रस में डूबते नजर आए। सुविकाश ने इस नृत्य नाटिका की प्रस्तुति को वर्णमय आयाम देने के लिए संस्था के कलाकार सुपर्णा धर, देवजानी चटर्जी, रश्मि राय, मौमीता रायसेन गुप्ता, अनुष्का सरकार, आरत्रिका चटर्जी, श्रीतमा गुप्ता, मधुमा गांगुली, देयासिनी मीटर, जयश्री दत्ता की प्रशंसा की। अतिथि मानवेंद्र नाथ, डॉ हेमंत चटर्जी, नमिता घोष, गोपाल मुखर्जी, असित वरन दास, शोभिक दास गुप्ता, अजय गांगुली, तपन, डॉ शैलजा घोष, डॉ सोमा लाहिड़ी मल्लिक ने दीप प्रज्वलित किया।

कार्यक्रम

## बुद्ध पूर्णिमा पर गृहे गृहे गायत्री यज्ञ करेंगे सर्वे भवंतु सुखिन: की कामना



**बिलासपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के आह्वान पर विश्व कल्याणार्थ एवं पर्यावरण संशोधन को ध्यान में रखते हुए देश-विदेश में बुद्ध पूर्णिमा पर लोग अपने घरों में यज्ञ कर सर्वे भवंतु सुखिनः की कामना करेंगे। शक्तिपीठ के द्वारिका प्रसाद पटेल ने बताया कि पूज्य गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के शत सूत्रीय कार्यक्रमों द्वारा युग परिवर्तन हेतु विभिन्न रचनात्मक आयोजन संपन्न किए जा रहे हैं, जिसमें से एक यह भी है कि हम सभी बुद्ध पूर्णिमा 12 मई सोमवार के दिन एक ही समय पर प्रातः 9 से 12 बजे तक गायत्री मंत्र की 24 बार, महामृत्युंजय मंत्र के पांच बार यज्ञ में आहुतियां समर्पित कर दैवी सत्ता से दिव्य सुरक्षा कवच के माध्यम से अपने घर, परिवार, समाज और देश का भविष्य उज्जवल करें। इस महा अभियान हेतु निकटतम गायत्री शक्तिपीठ, प्रज्ञापीठ व गायत्री परिजनों से भी संपर्क कर सकते हैं या मोबाइल पंडित, शांतिकुंज वीडियो, यू-ट्यूब का भी सहयोग ले सकते हैं। पूरे भारत वर्ष में गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ 24 लाख घरों, छत्तीसगढ़ में 1, 51000, बिलासपुर जिले में 51 सौ का लक्ष्य रखा गया है। लक्ष्य पूरा करने सभी शक्तिपीठ-प्रज्ञापीठ के ट्रस्टी गण, उपजोन, जिला व ब्लॉक समन्वयक तथा सभी गायत्री परिजन जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। आशा सुल्तानिया एवं शशि खंडेलवाल की महिला टोली ने जनसंपर्क कर लाफ्टर क्लब एवं कंपनी गार्डन में मॉर्निंग वॉक कर रहे लोगों को प्रेरित कर हवन व साहित्य सामग्री का वितरण किया।

प्रतियोगिता

## जयंती को मिला 'सीज़न ऑफ द मैंगो' क्वीन का खिताब

**बिलासपुर।** परिवर्तन एक आशा किरण की टीम ने ऑल इण्डिया लेबल पर मैंगो क्वीन प्रतियोगिता आयोजित की। इसमें छत्तीसगढ़ सहित मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र की महिलाओं ने उत्साह से हिस्सा लेकर आम से तैयार एक से बढ़ कर एक व्यंजन बनाया। इसमें सीज़न ऑफ द मैंगो क्वीन का खिताब जयंती थवाईत बिलासपुर को दिया गया। संस्था की संस्थापिका किरण पाठक और प्रीति ठक्कर ने संयुक्त रूप से बताया कि इस ऑनलाइन प्रतियोगिता कराने का मुख्य उद्देश्य घर बैठी महिलाओं को आम से बनने वाले विविध व्यंजनों को बनाने का अवसर प्रदान करना था। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली महिलाओं ने आम से जुड़ी अन्य बातों को भी प्रदर्शित किया। इसमें आम की नई रेसिपीज व रचनात्मक डेजर्ट बनाना एवं आम के स्वास्थ्य लाभों को प्रदर्शित करना आदि शामिल रहा। प्रतियोगिता को सफल बनाने में वसुधा शर्मा, निशा सक्सेना, कोमल मेलवालनी, काजल नाथानी, शेफाली, अभिलाषा झा, मन्नत वाधवानी, नेहा दोडेजा, ट्विंकल आडवाणी, नीना गरेवाल, स्वाति शर्मा, स्वाति माहेश्वरी का सहयोग रहा। प्रतियोगिता के विजेताओं में कविता गुंदेचा औरंगाबाद मैंगो क्वीन, संध्या यादव छत्तीसगढ़ लिटल प्रिंसेस ऑफ द मैगो क्वीन, सीमा जीवनानी मैंगो स्टार, रेसा नूर मैंगो मैजिक क्वीन आदि शामिल रहीं।





# काली माता के स्वरूप की विधि-विधान से पूजा

रेल्वे परिक्षेत्र कंस्ट्रक्शन कालोनी दुर्गा पंडाल में श्री मरीमाई माता पूजा उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। शनिवार शाम को काली माता का स्वरूप बना कर विधि-विधान से पूजा, अर्चना व आरती की गई। रविवार 11 मई को सुबह 10 बजे महाकुंभम पूजा की जाएगी।

**महाकुंभम पूजा आज होगी**

**दुर्गा पंडाल में मरीमाई माता पूजा उत्सव की धूम**



**बिलासपुर।** शनिवार को दुर्गा माताजी की पूजा, आरती के समय माताजी का दर्शन करने भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। अधिकांश सुहागिन महिलाओं ने मोंगरे के फूल एवं नीम पत्ती से श्रृंगार कर पंडाल पहुंचीं एवं माताजी के स्टेज की तीन परिक्रमा कर पंडाल के बाहर पीला स्तंभ पोतराजू के तीन परिक्रमा कर उनके चरणों में पीतल गुंडी में रखे हल्दी पानी को उनके चरणों में अर्पित की। 12 बजे बिना नमक मिर्च मसाला का सात्विक मीठा भोग चढ़ाया गया। जिसे 5 बाल पुजारियों ने ग्रहण करते हैं।



### बाजे-गाजे के साथ निकलेगी शोभायात्रा

महाकुंभ पूजा के बाद 11 मई रविवार को शाम साढ़े 6 बजे डबली बाजा, ताशा व आतिशबाजी के साथ माताजी की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी जो कि पंडाल से निकल कर कंस्ट्रक्शन कालोनी, वायरलेस कालोनी, बंगला यार्ड, एनई कालोनी, हेमू नगर चौक, बाबू उपनगर, शंकर नगर, लोको कोलोनी होते हुए लोको कालोनी स्थित त्रिपुरी सुंदरी मरीमाई माता मंदिर पहुंचेगी। वहां पूजा, आरती कर विसर्जन किया जाएगा।

### निकाला गया लकी कूपन

काली माता की पूजा, आरती के बाद लकी कूपन ड्रा मुख्य अतिथि विधायक अमर अग्रवाल, डॉ मखीजा, रेल्वे ऑफिसर नवीन सिंह एवं कांट्रेक्टर राकेश मिश्रा ने निकाला। इसमें साड़ी, मिक्सी एवं गैस चूल्हा दिया गया है। भगवती ठाकुर, बी आईमवती, सरस्वती दास, कामनी विश्वकर्मा, पी विगणेश्वरी, कल्याणी, सुमित्रा कुमारी, पी रामा, पद्मा माताजी का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। उपहार जी कांता रत्नम, बी ईश्वर राव एवं नीति छाबड़ा ने दिया। इसके बाद श्रद्धालुओं को महाभोग पुल्लियारम वितरण किया गया। महाभोग व्ही मधुसूदन राव एवं तेलुगू संयुक्त समाज कल्याण समिति के सौजन्य से रहा।

### खड़गपुर के हलवाई बनाएंगे भोग

पूजा उत्सव के अध्यक्ष विजय सिंह एवं सचिव मनोहर राव ने बताया है कि 11 मई रविवार को सुबह 10 बजे महाकुंभम पूजा की जाएगी। महाकुंभ पूजा का महाप्रसाद श्रीमती के यशिका कंस्ट्रक्शन कालोनी के निवास स्थान में बनाया जाएगा। माताजी के विशेष भोग बनाने खड़गपुर से अनुभवी हलवाई भास्कर को बुलाया गया है। इनके द्वारा शनिवार के रात 12 बजे से 21 से 25 प्रकार का दक्षिण भारतीय व्यंजन बनाया जाएगा। सुबह महाकुंभ पूजा, अन्नदान के लिए चावल, सब्जी, सांभर बनाया जाएगा। माताजी की स्टेज के सामने एक मंच बनाकर पैरा एवं सफेद कपड़ा बिछाकर महाकुंभ पूजा के लिए तैयार किया गया है। सुबह 10 बजे उन सभी व्यंजनों को बड़े-बड़े परातों में रखकर खड़गपुर से आए मुख्य पुजारी विधि-विधान से पूजा, आरती कर महाकुंभम पूजा में पहुंचेंगे एवं सुहागिन महिलाएं पकवान वाले परातों को अपने सिर में रखकर ढ़ोल-बाजे के साथ पूजा पंडाल पहुंच कर माताजी के स्टेज के तीन परिक्रमा करेंगी एवं माताजी के स्टेज के सामने के मंच में सभी पकवान और चावल को चढ़ाएंगी। सभी व्यंजन माताजी के सामने अर्पित किए जाएंगे।

भारतीय सेना को विजयश्री दिलाने की गई प्रार्थना

## अरपा अर्पण महाअभियान के सदस्यों ने किया रिवर व्यू में विजयी भवः यज्ञ

**बिलासपुर।** अरपा अर्पण महाअभियान "जन आंदोलन" के सदस्यों ने मां अरपा के तट रिवर व्यू में देश के ध्वज तिरंगा के नीचे विजयी भवः यज्ञ किया गया। आचार्य ने अरपा मैया का आव्हान कर समस्त देवी-देवताओं का आह्वान कर हनुमान चालीसा का पाठ किया एवं हनुमानजी से प्रार्थना की कि जिस तरह आपने अर्जुन के रथ पर विराजमान होकर महाभारत के युद्ध में पाण्डवों को विजय दिलाया उसी तरह आज भारत की सेना को विजयश्री प्राप्त कराएं। फिर हवन कर सभी देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना की गई। सभी सदस्यों ने आहूतियां देकर भारत के वीर सेना की सुरक्षा, युद्ध में विजय, विश्व शांति व अखंड भारत की कामना की। अंत में भारत माता, भारत की सेना व अरपा की जयकारा के साथ यज्ञ का समापन किया गया।



## सिंधी कॉलोनी में महिलाओं ने किया सत्संग



**बिलासपुर।** दादा साधु वासवानी पुणे की प्रमुख दीदी कृष्णा का 64 वें जन्म उत्सव पर सिंधी कॉलोनी में सत्संग, कीर्तन का आयोजन किया गया। इसमें बिलासपुर इकाई की प्रमुख सपना कलवानी एवं चित्रा पंजवानी ने नूरी ग्रंथ का पाठ किया। शाम को भोग लगा कर भजन कीर्तन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दादा साधु वासवानी, दादा जेपी वासवानी की फोटो पर पुष्प अर्पण, दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। टीवी के माध्यम से दीदी कृष्णाजी का संदेश भक्तों को सुनाया गया। साथ ही एक कथा के माध्यम से उन्होंने संदेश दिया कि सब एक रहो। प्रेम से रहो और भक्ति में लीन रहो। सबसे प्रेम करो। अंत में अरदास कर विश्व कल्याण के लिए पल्लो पाया गया। केक काटकर दादा को भोग लगा कर प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पंजवानी व कलवानी परिवार का विशेष सहयोग रहा।

## बिलासा इंस्टीट्यूट में शपथ ग्रहण




**बिलासपुर।** बिलासा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में नर्सिंग छात्र-छात्राओं के लिए दीप प्रज्ज्वलन एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य छात्रों को बीमार और घायल व्यक्तियों की सेवा करने समर्पित करने तथा उनमें मानवीय मूल्यों के प्रति दृढ़ संकल्प विकसित करना था। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान बिलासपुर की उप नर्सिंग अधीक्षक शीला दिलीप बोगी रहीं, अतिथि शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वर्तिका गौरहा थीं।

इस अवसर पर श्रीमती बोगी ने कहा कि मानवता से बड़ा कोई धर्म नहीं होता। नर्सिंग एक ऐसा पेशा है जो सेवा, करुणा और समर्पण का प्रतीक है।" उन्होंने छात्रों को मानव सेवा को सर्वोपरि रखने की प्रेरणा दी। डॉ. गौरहा ने कहा, नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं बल्कि एक आध्यात्मिक सेवा है, जिसमें सेवा को ही धर्म समझा जाता है। इस अवसर पर दीक्षांत समारोह और पूर्व छात्र सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। समारोह में छात्र-छात्राओं ने मनमोहक नृत्य और गायन की प्रस्तुति दीं।

बिलासा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग की प्राचार्य वीणा चौहान ने छात्रों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान की। संस्था के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अंशुल मुदलियार ने छात्रों को सामाजिक हित में निरंतर कार्यरत रहने के लिए प्रेरित किया। यह आयोजन न केवल विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना, बल्कि नर्सिंग की भावना और सेवा के आदर्शों को भी सजीव रूप में प्रस्तुत करने का एक सशक्त मंच सिद्ध हुआ।

## राष्ट्र प्रथम हमारे जीवन का मूलमंत्र : प्रो. चक्रवाल

**बिलासपुर।** गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय में शनिवार को कुलपति आलोक कुमार चक्रवाल के मार्गदर्शन में राष्ट्र की संप्रभुता की रक्षा में जुटी भारतीय सेना के साथ एकजुटता प्रकट करने हेतु 'राष्ट्र प्रथम' अभियान के अंतर्गत एक रैली निकाली गई।

ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में राष्ट्र प्रथम ए कैंपेन इन सपोर्ट ऑफ नेशन फर्स्ट के अंतर्गत रैली में विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेट्स, शिक्षक, अधिकारी और विद्यार्थी शामिल हुए। रैली का प्रारंभ रजत जयंती सभागार से कर गुरु घासीदास बाबा की प्रतिमा तक ले जाया गया। कुलपति प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल ने कहा कि हम सभी भारत वासियों के जीवन के प्रत्येक क्षण में राष्ट्र प्रथम की भावना सर्वोपरि है। इस संकट की घड़ी में पूरा देश एकजुट होकर भारतीय सेना के साथ देश की संप्रभुता, एकता और सुरक्षा के लिए भी पूरी तरह प्रतिबद्ध खड़ा है। देश की सीमा के प्रहरी हमारी सेना के जवानों के अदम्य साहस, बलिदान और निष्ठा को सलाम है। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रो. शैलेन्द्र कुमार अधिष्ठाता छात्र कल्याण ने स्वागत उद्बोधन दिया। विश्वविद्यालय एनएसएस को-ऑर्डिनेटर प्रो. राजेन्द्र कुमार मेहता ने संचालन किया। कुलसचिव प्रो. ए.एस. रणदिवे ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

### सीयू में सेना के साथ एकजुटता प्रकट करने निकाली रैली




**लहराया गया राष्ट्रीय ध्वजः** रैली में सहभागिता करने वाले शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने भारतीय सेना के समर्थन में राष्ट्रीय ध्वज लहराते हुए भारत माता की जय, जय हिंद, राष्ट्र प्रथम सदैव प्रथम और तिरंगे की शान में सिन्दूर की जान है जैसे जोशीले नारों के साथ देशभक्ति का अद्वितीय प्रदर्शन किया। विश्वविद्यालय परिसर देशभक्ति के जज़्बे और भारतीय सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान और समर्थन की भावना से गूंज उठा।

राजयोग भवन में चल रहा बाल संस्कार शिविर

## भारत माता शब्द राष्ट्र को सुरक्षा देने वाली शक्ति का रूप

कार्नर न्यूज

**बिलासपुर।** भारत माता शब्द राष्ट्र को एक पोषण और सुरक्षा प्रदान करने वाली शक्ति के रूप में दर्शाता है। देश को मां के रूप में व्यक्त करने की यह अवधारणा भारतीय संस्कृति और इतिहास में गहराई से निहित है, जो हमारे अंदर देशभक्ति और भावनात्मक जुड़ाव की भावना पैदा करता है। ये बातें प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की मुख्य शाखा टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन में आयोजित छः दिवसीय बाल संस्कार शिविर में सेवा केंद्र की संचालिका बीके स्वाति दीदी ने कही। उन्होंने कहा कि भारत देश सब देशों से उत्तम है। भारत देश को सर्वोच्च 'तीर्थ स्थल' माना जाता है। भारत देश 'देव भूमि' कहलाता है। एक समय था जब भारत को 'सोने की चिड़िया' कहा जाता था। हमारा भारत देश आदिकाल से ही सोने की चिड़िया, विश्वगुरु कहलाता रहा। महापुरुषों ने इस भूमि को महान बनाया है। दीदी ने भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव की चर्चा करते हुए कहा कि हर एक सेनानी के साथ ईश्वरीय शक्ति है। उनके साथ स्वयं परमात्मा खड़ा है। सभी लोग दिन भर में कम से कम दस मिनट अपने पूरे परिवार के साथ भारतीय सेनानियों के लिए ईश्वर से उन्हें शक्ति मिले यह प्रार्थना करें। देश की रक्षा करने वाले भारतीय सेना के कारण आज हम सभी सुरक्षित हैं। सुकून की सांस ले रहे हैं। बीके नवीन भाई ने बताया कि मोबाइल फोन रात को सोने से पहले, खाना खाते समय, सुबह उठते ही फोन का प्रयोग न करें।



### कराया गया सकारात्मक संकल्प

शिविर में पाकिस्तान की ओर से भारत में हुए अटैक से अपने देश के सेनानियों का मनोबल बढ़ाने एवं देश में शांति के लिए सभी बच्चों, उनके अभिभावकों एवं बीके भाई-बहनों ने एक साथ मिलकर गोल सर्कल बनाया एवं विश्व के ग्लोब को बीच में रखकर अपने मन के संकल्पों की शक्ति द्वारा एक ही सकारात्मक संकल्प कराया कि भारत देश विजयी था, विजयी है और विजयी रहेगा।

उसलापुर में चल रहा बाल व्यक्तित्व विकास शिविर

## बच्चों को सिखाया गया क्लासिकल नृत्य

**बिलासपुर।** ब्रह्माकुमारी सेवा केन्द्र उसलापुर में चल रहे बाल व्यक्तित्व विकास शिविर के सातवें दिन बहन सानू भट्ट ने बच्चों को क्लासिकल नृत्य सिखाया। आत्म रक्षा के लिए ताईक्वांडो ट्रेनर कान्हा साहू ने कई प्रकार के पंच मारना एवं बीके गरिमा, बीके खुशी बहन ने बच्चों को प्रेरणादायी गीत-जैसा सोचोगे तुम, वैसा बन जाओगे.... सिखाया।

सेवा केन्द्र की संचालिका बीके छाया दीदी जी ने हंस की विशेषता बताई कि जिस प्रकार हंस, दूध और पानी से दूध ग्रहण करता है। मोती और कंकड़ से मोती चुगता है। ऐसे ही हमें अपनी बुद्धि हंस की तरह बनानी है। अच्छी बातों को सुन कर धारण करना है। बुरी बातों पर ध्यान नहीं देना हैं। उन्होंने बताया कि निरंतर मेडिटेशन करने से हमारी बुद्धि हंस जैसी बनती है और हंस जैसी बुद्धि वाला सदैव हसमुख होता है। दीदी ने ड्राइंग, पेंटिंग द्वारा हाथी, स्माइली फेस, जंगल, बादल, रैंबो आदि बनाना सिखाया।



### चलें लक्ष्य बना कर

बीके गरिमा बहन ने कहा कि बारिश के पानी को लक्ष्य ना दिया जाए तो उसका कोई उपयोग नहीं है। उसी पानी को बांध बनाकर नियंत्रित किया जाए तो बिजली बनाने और सिंचाई के काम में ले सकते हैं। उसी प्रकार जीवन में लक्ष्य बनाने से जीवन में लक्ष्य प्रमाण लक्षण आते जाते हैं। समय व्यर्थ नहीं जाता। निर्णय शक्ति बढ़ती है। अपने सपनों को साकार करने की योग्यता आती है। जीवन में ऊँचे लक्ष्य की प्राप्ति के लिए छोटे लक्ष्य बनाकर उसे पाने का अभ्यास करते रहना चाहिए। बीके अनामिका बहन ने बताया कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए एकाग्रता का विशेष महत्व है।

### मुस्कान सुखी जीवन का मंत्र

बीके विनोद भाई ने कहा कि मुस्कान सेहतमंद और सुखी जीवन का मंत्र है। सदैव मुस्कुराने से शक्ति का अहसास होता है और मस्तिस्क भी सक्रिय रहता है। उन्होंने कहा कि प्रसनन्ता प्रत्येक बीमारी की रामबाण दवाई है। मुस्कुराने का हमारे शरीर की श्वसन प्रणाली, अंतः स्त्राव प्रणाली, रक्त वाहन प्रणाली पर सकारातमक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने बताया कि 20 सेकंड की अच्छी हंसी 3 मिनट नाव चलाने के व्यायाम के बराबर है। छोटी-छोटी बातों से मन भारी न करें।

**हरिभूमि** बिलासपुर संस्करण
के 25 वां स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
## कार्यपालन अभियंता
मनियारी
सिंचाई संभाग मुंगेली

**हरिभूमि** बिलासपुर संस्करण
के 25 वां स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
## लोक निर्माण विभाग
मुंगेली

**हरिभूमि** बिलासपुर संस्करण
के 25 वां स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
## चन्द्र कुमार घृतलहरे
जिला शिक्षा अधिकारी, मुंगेली

**हरिभूमि** बिलासपुर संस्करण
के 25 वां स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
## छत्तीसगढ़ ग्रामीण प्रधानमंत्री सड़क अभिकरण, मुंगेली

**हरिभूमि** बिलासपुर संस्करण
के 25 वां स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
## ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
मुंगेली

**हरिभूमि** बिलासपुर संस्करण
के 25 वां स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
## लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी
मुंगेली

**हरिभूमि** बिलासपुर संस्करण
के 25 वां स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
## आबकारी विभाग
मुंगेली

## REQUIREMENT (URGENT)
FOR THE FOLLOWING POST IN -
**JAYCEES PUBLIC HR. SEC. E.M. SCHOOL,**
PADAV CHOWK, MUNGELI, DISTT.- MUNGELI 495334,
PHONE NO. 07755350010
(A REPUTED ENGLISH MEDIUM SCHOOL RUNNING FOR 40 YEARS)

| Subject | Class & Post | Minimum Qualification |
|---|---|---|
| * English | 2 Positions Primary + Higher Sections | M.A. + B.Ed |
| * Social Science | 1 Position Middle | M.A. + B.Ed |
| *Mathematics | 1 Positions Primary Sections | B.Sc./M.Sc + D.Ed/B.Ed |
| * Commerce | 2 Positions Higher Sections | M.Com. + B.Ed |
| *Games Teacher | 1 Position | B.P.Ed./M.P.Ed. |
| * Computer Teacher | 2 Positions | PGDCA/ BCA |
| * E.V.S. | 1 Position Primary | M.A. + B.Ed |
| * Drawing Teacher | 1 Position Primary | M.A. + B.Ed |
| * Hindi | 1 Position Middle | M.A. + B.Ed |
| * Sanskrit | 1 Position Middle | M.A. + B.Ed |
| *Peon | 2 Positions | 8th Pass |

**Note:-** 1. Salary will not be a constraint for outstanding and experienced candidates. 2. Applicant should apply with self attested copies Marksheets, Aadhaar Card and recent photograph within 7 days of this advertisement to the School address or mail to: **jpsmungeli@gmail.com**, Short listed candidates will be called for interview. Selection will be at the sole discretion of management.

CBSE Affiliation No. - 3330182 School Code - 15247

## ST. XAVIER'S HIGH SCHOOL
(A Unit of St. Xavier's Chain of Schools)
**CBSE ENGLISH MEDIUM CO-ED SCHOOL**

## Admission Open
**50%** Scholarship in Admission fees

Mont.-I to IX & XI
Science & Commerce

LIMITED SEAT



### Salient Features
- Teaching Through Smart-Class
- Safe and nurturing environment (CCTV)
- Exposure to future through career carnival, Student Counselling
- co-curricular activities for holistic development
- Excellent Result in Board Exams
- Daily Compulsory Sports Classes
- one to one interaction with parents
- Remedial Classes
- Transport Facility Available

call us today
07755350045, 9826129896, 7999117127

Sai Mangalam, Pandariya Road, Mungeli (C.G.)
www.stxaviersmungeli.in

Mahindra Rise.

## महिंद्रा ट्रैक्टर्स
टफ़ हरदम

**रग रग लाल है**

**डोजर एप्लीकेशन के लिए सबसे उपयुक्त**
Mahindra NOVO 605 DI PS
**स्पेशल कॉम्बो ऑफर**
**₹10.25 लाख***
डोज़र के साथ और 2 बॉटम मैकेनिकल MB प्लो
- फ्रंट टायर 7.50x16, रियर टायर 16.9x28
- श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ टॉर्क
- श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ माइलेज
- श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ सर्विस इंटरवल
- श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ रीसेल वैल्यू

**Mahindra 575 Yuvo Tech+**
- 2000 Kg* लिफ्टिंग क्षमता
- स्टेबिलाइज़र बार
- टॉप लिंक की ज्यादा लम्बाई
- वॉटर सेपरेटर




हर ट्रैक्टर की खरीदी पर डेज़र्ट कूलर **फ्री** पाएं...

यह ऑफर छत्तीसगढ़ के महिंद्रा महिन्द्रा डीलर के सौजन्य से*
RTO, इन्शुरन्स और एक्सेसरीज एक्स्ट्रा।

*नियम एवं शर्ते लागू

अधिकृत विक्रेता
# सैम ग्लोबल महिन्द्रा ट्रैक्टर
पंडरिया रोड, मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.) मो. 7489924520, 7489924525

## खबर संक्षेप

### लोक अदालत में 1 करोड़ 52 लाख रुपए का अवार्ड



**बिलासपुर।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में 10 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। अध्यक्ष आनन्द कुमार सिंघल और सदस्य आलोक पाण्डेय ने मामले की सुनवाई की गई। इस दौरान 25 प्रकरण निराकरण व आपसी राजीनामा के लिए रखे गए थे, जिसमे बैंक, बीमा कंपनी, हेल्थ, हाऊसिंग के खिलाफ प्रकरणों को रखा गया था। इसमे 21 प्रकरणों को आपसी सहमति से निराकरण किया गया। 1 करोड़ 52 लाख 34 हजार 338 रुपए अवार्ड की राशि पक्षकारों को प्रदान दी गई। बीमा कंपनी, बैंक, हाऊसिंग द्वारा उक्त राशि प्रदान की गई। इसमें आयोग के कर्मचारी, रीडर सूर्यप्रताप सिंह, शरद यादव, प्रमोद दीप, धरम सिंह ठाकुर का योगदान सराहनीय रहा।

### बिलासा एयरपोर्ट के लिए समिति ने मांगा समर्थन



**बिलासपुर।** हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट के उन्नयन के लिए आंदोलन की चेतावनी दी है। 4सी एयरपोर्ट के लिए जनप्रतिनिधियों और जनसंगठनों को सक्रिय होकर समर्थन देने की मांग समिति द्वारा की गई है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने विधायक सुशांत शुक्ला द्वारा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को एयरपोर्ट के विकास के लिए पत्र लिखने का स्वागत किया। समिति ने कहा कि राज्य एवं केंद्र सरकार पर दबाव बनाकर 4सी एयरपोर्ट का निर्माण किया जाना चाहिए। सदस्यों ने कहा कि अभी सक्रियता नहीं दिखाई तो 20 साल तक सर्वे सुविधायुक्त एयरपोर्ट नहीं बनाया जा सकेगा। जन संगठनों सामाजिक संगठनों को फिर से आंदोलन के लिए सक्रिय होने की बात कही गई। ज्ञात हो कि हाल ही में हाईकोर्ट में राज्य सरकार ने शपथ पत्र देकर 4सी एयरपोर्ट बनाने तथा रक्षा मंत्रालय से जमीन वापसी की कोई समय सीमा नहीं देने के कारण हाईकोर्ट की खंडपीठ ने सरकार को फटकार लगाई है। इसके बाद आंदोलन की मांग की जा रही है। समिति के सदस्य काफी लंबे समय से बिलासा एयरपोर्ट में सुविधाओं के विकास के लिए संघर्षरत हैं। समिति के धरने में रवि बनर्जी, अनिल गुलहरे, बद्री यादव,संतोष पीपलवा,चंद्र प्रकाश जायसवाल, गौरव आरी, स्वर्ण शुक्ला, रमाशंकर बघेल, राकेश शर्मा, प्रतीक तिवारी,अखिल अली साबर अली और सुदीप श्रीवास्तव शामिल रहे।

एयू में अंतरिक्ष विज्ञान व इसरो की दी गई जानकारी

# सफलता का कोई शार्टकट नहीं समर्पण की होती है आवश्यकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन, इसरो के वरिष्ठ वैज्ञानिक ने अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी में एक कार्यक्रम में भारतीय स्पेस विज्ञान के बारे में जानकारी दी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ही विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान, उपग्रह प्रौद्योगिकी और इसरो की उपलब्धियों के बारे में बताना था। युवा वैज्ञानिक ने अपने अनुभव साझा करते हुए इसरो के प्रमुख मिशनों जैसे चंद्रयान, मंगलयान और हाल के मिशनों पर रोचक जानकारी प्रदान की।

इसरो के वरिष्ठ वैज्ञानिक विकास श्रीवास ने विद्यार्थियों को सफल व्यक्तित्व के लिए आवश्यक गुणों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता बल्कि इसके लिए निरंतर परिश्रम और समर्पण की आवश्यकता होती है। वैज्ञानिक ने विद्यार्थियों को समझाया कि सफल व्यक्तित्व के लिए आवश्यक गुणों जैसे कड़ी मेहनत, समर्पण, धैर्य और निरंतर सीखने की प्रवृत्ति ,आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच, धैर्य और समय का प्रबंधन सफलता के प्रमुख स्तंभ होते हैं। इसके अलावा उन्होंने रचनात्मक सोच, समस्या-सुलझाने की क्षमता और टीमवर्क के महत्व को भी रेखांकित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को यह भी प्रेरित किया कि असफलताओं से डरने के बजाय उनसे सीखना चाहिए। क्योंकि असफलता ही सफलता की सीढ़ी बनती है। युवा वैज्ञानिक ने अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए बताया कि कैसे उन्होंने चुनौतियों का सामना किया और उनसे मजबूत बनकर उभरे। उन्होंने विद्यार्थियों को लगातार सीखते रहने, जिज्ञासु बने रहने और अपने लक्ष्य के प्रति ईमानदारी बनाए रखने की सलाह दी।



भारतीय स्पेस विज्ञान की जानकारी देते वक्ता।

### वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाई

अटल यूनिवर्सिटी के कुलपति आचार्य अरुण दिवाकर नाथ बाजपेयी ने कहा कि इसरो के कार्यों से पूरा देश गर्व महसूस करता है। इसरो ने अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में भारत को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाई है और युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बना है। कुलपति ने बताया कि इसरो के अद्भुत कार्यों और उपलब्धियों से पूरा देश गर्वित है। उन्होंने यह भी कहा कि इसरो ने न केवल भारत को अंतरिक्ष विज्ञान में आत्मनिर्भर बनाया है बल्कि अपनी मेहनत, लगन और नवाचार से देश का नाम पूरी दुनिया में रोशन किया है। कुलपति ने विद्यार्थियों से इसरो के वैज्ञानिकों से प्रेरणा लेने और देश के विकास में योगदान देने की अपील की और इसरो से आए वैज्ञानिक विकास के कार्यो की प्रशंसा की। साथ ही ये भी कहा कि छत्तीसगढ़ में भी स्पेस साइंस में बहुत अच्छी संभावनाएं हैं। अटल यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाला हर विद्यार्थी रिसर्च के माध्यम से समाज और देश की सेवा कर सकता है।

## कोरबा ने लोको पावर को 30 रनों से हराया

**बिलासपुर।** डीआरएम कप अंतर विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबले में कोरबा टीम के खिलाड़ियों ने लोको पवार को 30 रनों से हराया। प्रतियोगिता का आयोजन 17 अप्रैल से नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट ग्रांउड में किया जा रहा है। जिसमें 39 टीमों ने भाग लिया है।





आज का सेमीफाइनल मुकाबला कोरबा बनाम लोको पावर बिलासपुर के मध्य खेला गया। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए कोरबा की टीम ने 10 ओवरों में अपने सभी विकेट खोकर 68 रन बनाए। टीम की ओर से धनीराम ने 18 रन, विवेक मंडावी ने 11 रन तथा शुभम ने 10 रन का योगदान दिया। लोको पावर की ओर से गेंदबाजी में राहुल सिंह ने 3 विकेट, राजेश, खेम सिंह एवं इरफान ने 2-2 विकेट तथा आकाश ने 1 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी लोको पावर की टीम सिर्फ 7 ओवर में 38 रन बनाकर ऑल आउट हो गई और कोरबा ने यह मुकाबला 30 रनों से जीत लिया। लोको पावर की ओर से शिव ने 16 रन, तथा शब्बीर ने 10 रन बनाए। गेंदबाजी में डेविड मंडावी ने 4 विकेट, धनीराम ने 3 विकेट, तथा प्रफुल और जुनैद ने 1-1 विकेट लिए। इस मैच के मैन ऑफ द मैच धनीराम को उनके शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए सुधाकर द्वारा सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में अंपायर बालाजी, रवि कुमार, अमित मिश्रा, अतुल, जावेद, अभिषेक, प्रफुल मसीह, प्रहलाद तोड़ेकर, आयुष, संजय तिवारी, श्रीनिवास, बीपी विश्वास की भूमिका सराहनीय रही। वहीं स्कोरर के रूप में घनश्याम एवं अजय ने उत्कृष्ट कार्य किया। प्रतियोगिता में मैच रेफरी बीपी विश्वास की अहम भूमिका है।

### 45 दिन तक बंद रहेगा जूठी रेल फाटक

**बिलासपुर।** रेल मंडल बिलासपुर के जूठी रेल फाटक पर बने अंडरब्रिज को यातायात के लिए 45 दिनों तक बंद किया जाएगा। जानकारी के अनुसार जयरामनगर से लटिया के बीच स्थित जूठी अंडरब्रिज पर बने सड़क के जर्जर होने के कारण क्षेत्रीय निवासियों को यातायात में परेशानी हो रही है। रेल प्रशासन ने इसे संज्ञान में लेकर समाधान व बेहतर सड़क आवागमन सुविधा हेतु 12 मई सोमवार से 26 जून तक अंडरब्रिज को बंद कर आवश्यक सड़क मरम्मत कार्य करने का निर्णय लिया है। मरम्मत कार्य के दौरान 45 दिन तक अंडरब्रिज से सड़क यातायात पूरी तरह से बंद रहेगा। इस अवधि के दौरान लोगों को आने-जाने के लिए वैकल्पिक मार्ग के रूप में पाराघाट अंडरब्रिज एवं समपार संख्या जयरामनगर का उपयोग करना होगा।

शबरी नवीन कन्या महाविद्यालय

# स्वयं आनलाइन पोर्टल पर की चर्चा





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शासकीय माता शबरी नवीन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को स्वयं एवं आनलाइन एजुकेशन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य छात्रओं एवं प्राध्यापकों को डिजिटल शिक्षा के महत्व और स्वयं पोर्टल के माध्यम से मिलने वाली निशुल्क आनलाईन पाठ्यक्रमों की जानकारी देना था।

■ **छात्राओं और प्राध्यापकों को दी गई पाठ्यक्रमों की जानकारी**

कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि, मुख्य वक्ता डॉ. जी.ए. घनश्याम संयुक्त संचालक, संचालनालय उच्च शिक्षा नवा रायपुर एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.के.के.भण्डारी, आईक्यूएसी समन्वयक, डॉ. आर.के.पटेल द्वारा दीप प्रज्वलन एवं बी.कॉम की द्वितीय सेमेस्टर की छात्र श्रेया सोनी द्वारा सरस्वती वंदना के साथ शुरू हुई। कार्यशाला के सह समन्वयक डॉ. सुरेश कुमार पटेल ने कार्यशाला का थीम और उद्देश्य प्रस्तुत किया। महाविद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत स्वयं जिसका स्टडी वेब्स आफ एक्टिव लार्निंग फॉर यंग एसपीयरिंग माइंड है, जो कि शिक्षार्थियों को ऑनलाईन एजुकेशन के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षण उपलब्ध कराता है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अंतर्गत विभिन्न पाठ्यक्रमों की सागर्भित जानकारी देते हुए, इसमें स्वयं आनलाईन एजुकेशन पोर्टल के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस पोर्टल के अंतर्गत 2000 पाठ्यक्रम और 8000 घंटे की शिक्षण सामग्री उपलब्ध है। आभार प्रदर्शन आईक्यूएसी प्रभारी एवं कार्यशाला के समन्वयक डॉ. आर.के.पटेल के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. दीपिका महोबिया ने किया।

### अतिरिक्त अवसर मिलने में करेगी सहायता

महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एलएनदुबे ने सभी प्रतिभागियों को बताया कि इस स्वयं पोर्टल के माध्यम से पंजीकृत कराके एवं पाठ्यक्रम पूरा कर अपने कौशल विकास में बढ़ोत्तरी कर सकते है, इससे रोजगार के अतिरिक्त अवसर प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर प्राध्यापकगण प्रो. शोभा महिस्वर, डॉ. शशिकला सिन्हा, डॉ. आरती सिंह ठाकुर, डॉ. डीके शुक्ला, डॉ. बेला महंत, डॉ.अनुपा तिर्की, डॉ. यतिनंदिनी पटेल, डॉ. एसकेपटेल, आनंद कुमार, श्रीमती अल्का डडसेना, सुश्री अमृता चिमनानी, डॉ. उषा सराफ, पुष्पेन्द देवांगन, सुश्री चित्ररेखा, श्रीमती भारती साहू, एकाम्बर साव, सौरभ पाठनवार, सुश्री नीलेश्वरी धीरज, आईपी देवांगन, संजय गुप्ता, सुश्री नेहा देवांगन, राजकुमार यादव, एसएल पुजारी, श्रीमती पूर्णिमा पाण्डेय, कोशले, दिलीप कुमार यादव, रामायण, दिलीप इन्दुवा एवं बड़ी संख्या में छात्रओं की उपस्थित रहीं।


















"मदर्स डे" यानि मातृ दिवस। इस दिन हम सभी अपनी माँ की महिमा और उनके उपकारो, संघर्षों को याद करते हैं। हालांकि, केवल एक दिन माताओं को उनके कर्तव्यों के लिए धन्यवाद देने के लिए पर्याप्त नहीं है जो वे हर पल करती हैं। इसके अलावा, कोई भी कभी भी किसी भी कीमत पर माताओं की जगह नहीं ले सकता है और माताओं द्वारा किए गए बलिदानों के लिए ढेर सारा प्यार और देखभाल करने के लिए, हम मई के हर दूसरे रविवार को मदर्स डे के रूप में मनाते हैं।

माँ हम सभी के जीवन का में महत्वपूर्ण होती है। वह हमेशा हमारे साथ होती है, हमारी समस्याओं को सुलझाती है और हमें हमेशा एक साथ खुश रहने के लिए प्रेरित करती है। माँ का प्यार और देखभाल हमें सबसे ज्यादा सुरक्षित महसूस कराता है और हमें जीवन के हर मोड़ पर सहायता प्रदान करता है। माँ ने हमें जन्म दिया, हमें पाला और बढ़ाया है। वह हमारे लिए हमेशा समय निकालती है और हमारे लिए अपनी जिंदगी का सबसे अधिक समर्पण करती है।

माँ दिन-रात हमारे लिए काम करती है, जब हम अपने सपनों को पूरा करने के लिए बाहर जाते हैं तब भी वह हमेशा हमारे लिए दुआएं करती हैं। माँ एक ऐसी शक्ति होती है जो हमें कभी अकेलापन महसूस करने नहीं देती। माँ जीवन का सबसे अनमोल उपहार होती है। वह हमें संघर्ष करना सिखाती है और हमारे फ्री थेरेपिस्ट का रोल भी निभाती है। उनकी गोद में सबकुछ ठीक हो जाता है, उनकी एक झलक हमें सुकून देती है। इसलिए, हमें हमेशा अपनी माँ का सम्मान करना चाहिए और उनके प्रति आभार व्यक्त करना चाहिए। जब भी हम बीमार पड़ते हैं तो वही हमारे पास बैठती हैं। हम सभी के लिए, हमारी माँ एक आदर्श, प्रेरणा और एकमात्र व्यक्ति है जो भगवान के बाद सम्मान की पात्र है। आगे सभी माताओं के लिए हमारे प्यार के प्रतीक को व्यक्त करने के लिए हम मातृ दिवस मनाते हैं।

इस माँ के दिन पर, हमें अपनी माँ का ध्यान रखना चाहिए और उन्हें खुश करने का प्रयास करना चाहिए। हमें याद रखना चाहिए कि एक माँ की तुलना में कोई भी संगठन या संस्था नहीं होती है। इसलिए, आज हम अपनी माँ के लिए कुछ समय निकालें, उन्हें एक गहरी आदर और प्रेम व्यक्त करें। हमें यह समझना चाहिए कि एक माँ हमारे जीवन में कितना महत्वपूर्ण होती है।



## खबर संक्षेप



### लटेश्वरनाथ मंदिर परिसर में शिव महापुराण आज से

**मस्तूरी।** ग्राम किरारी में स्थित स्वयंभू लटेश्वरनाथ मंदिर परिसर में आगामी 11 मई से 20 मई तक शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसकी तैयारी को लेकर जपं उपाध्यक्ष नितेश सिंह ठाकुर, सरपंच प्रतिनिधि एवं ग्राम प्रमुख तामेश सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में ग्रामवासियों की बैठक पंचायत भवन में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित सभी कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर उपस्थित लोगों को विभिन्न कार्यों की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में उपस्थित सर्व सामाज के वरिष्ठ लोगों ने भी अपने विचार प्रकट कर मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर टुकेश सिंह ठाकुर, फेकू सिंह ठाकुर, संतोष सिंह ठाकुर, बबला सिंह ठाकुर, मेलू सिंह ठाकुर, बलवंत सिंह ठाकुर, पूर्व उपसरपंच राहुल सिंह ठाकुर, विष्णु साहू, दशरथ साहू, शिवकुमार साहू, दिलीप शर्मा, ननकू साहू, बिट्टू सिंह ठाकुर, गौतम सिंह ठाकुर, सोनू शर्मा, रामपाल साहू, राकेश सिंह, दिनेश शर्मा, अजय सिंह ठाकुर, लाला साहू, राधे साहू, कोदां यादव, कोदां साहू, बोदो सिंह ठाकुर सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### नृसिंह प्रकटोत्सव पर उमड़ेगा जनसैलाब



**सकरी।** ग्राम हांफा में स्थापित देवाधिदेव बघर्रा पाठ महाराज नृसिंह देव मंदिर में भगवान नृसिंह के प्रकट होने का पर्व बड़ी श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है। मंदिर के आचार्य धनेश उपाध्याय ने बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार नृसिंह चतुर्दशी उत्सव वैशाख मास की शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाई जाती है, इसके अनुसार यह पर्व रविवार 11 मई को मनाया जाएगा। नृसिंह भगवान की पूजा में, विशेष रूप से चंदन चढ़ाया जाता है और अभिषेक किया जाता है। भगवान नृसिंह उग्र रूप में होते हैं और चंदन उनके क्रोध को शांत करने में मदद करता है। पूजा-अर्चना के बाद प्रसाद भंडारा का आयोजन किया जाएगा एवं शाम महाआरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### आत्मानंद स्कूल में लॉटरी से प्रवेश प्रक्रिया

**लोरमी।** स्थानीय आत्मानंद स्कूल में अपर कलेक्टर मेनका प्रधान, एसडीएम अजीत पुजारी शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष विश्वास दुबे, नपा अध्यक्ष सुजीत वर्मा, गुरमीत सलूजा, रवि शर्मा, विनय साहू, विखं शिक्षा अधिकारी डीएस राजपूत, स्कूल के प्राचार्य अरुण कुमार जायसवाल, एबीईओ मनीषा पाटले की मौजूदगी में कक्षा एलकेजी से लेकर 12वीं तक रिक्त पर विरुद्ध लॉटरी माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया संपन्न की गई। प्राचार्य अरुण जायसवाल ने जानकारी दी कि प्राप्त कुल आवेदनों में से पात्र विद्यार्थियों को लॉटरी की प्रक्रिया में शामिल किया गया, इसके अंतर्गत 50 फीसदी छात्राओं एवं बीपीएल कैटिगरी के विद्यार्थियों का चयन पहले किया गया। सभी कक्षाओं के लिए क्रम से लॉटरी द्वारा बच्चों के नाम का चयन किया गया। जिन बच्चों का नाम लॉटरी द्वारा निकाला गया, उन्हें समस्त निर्धारित दस्तावेजों सहित एक सप्ताह के भीतर प्रवेश लेना होगा। चयनित बच्चों के प्रवेश न लेने की स्थिति में नियमानुसार वेटिंग लिस्ट के बच्चों को अवसर दिया जाएगा।

## निधन

### ज्ञानीदेवी कलवानी



**बिलासपुर।** जनकियानी गली सिंधी कालोनी निवासी ज्ञानीदेवी कलवानी का निधन हो गया । उनका अंतिम संस्कार झूलेलाल मुक्ति धाम कस्तूरबा नगर सिन्धी कालोनी में 10 मई को किया गया। वे स्वः नंदलाल कलवानी की धर्मपत्नी, अशोक पवन कलवानी की माता

## वनक्षेत्र के ग्राम कंचनपुर की घटना, जांच में जुटी पुलिस

# मानव कंकाल मिलने से सनसनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

वनक्षेत्र के ग्राम कंचनपुर में संदिग्ध मानव कंकाल मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैली गई।जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंची एवं फॉरेंसिक एक्सपर्ट की मदद से जांच शुरू की गई।

पुलिस ने बताया कि कंचनपुर श्मशान घाट पर खुले में मानव कंकाल में पड़ा दिखाई दिया, जिसकी सूचना ग्रामीणों ने थाने में दी। पुलिस ने स्थल से मानव अवशेष में खोपड़ी, पसली, सहित बाल एवं एक अंडरवियर बरामद किया है। अवशेष का लैब में परीक्षण कर मेल या फीमेल के साथ उम्र का पता लगाया जाएगा एवं आगे की जांच की जाएगी। आशंका के तौर पर पुलिस विवेचना में क्षेत्र की लापता बच्ची के परिजनों का डीएनए टेस्ट कर अवशेष की जांच करेगी। ज्ञात हो कि ग्राम कोसाबाड़ी से 12 अप्रैल की रात 7 साल की एख मासूम बच्ची लापता हो गई, जिसका अभी तक कोई पता नहीं चल सका। ऐसे में बरामद मानव कंकाल गायब बच्ची का होने की भी आशंका है। फिलहाल लैब के परीक्षण के बाद ही पुलिस इस मामले में कुछ बता पाएगी। ज्ञात हो कि बच्ची की जानकारी देने वाले को एसपी ने 10 हजार व बिलासपुर आईजी ने 30 हजार देने का एलान किया है। पुलिस ने बताया कि कब्रिस्तान के पास कंकाल मिला है, लिहाजा जंगली जानवरों द्वारा कब्र खोदकर कंकाल बाहर निकालने आशंका भी जताई जा रही है।

थाना प्रभारी अखिलेश वैष्णव ने बताया कि वनक्षेत्र होने के कारण जंगली जानवर दफनाए शव को बाहर निकाल लिए होंगे। पुलिस ने स्थल पर फॉरेंसिक एक्सपर्ट की मदद ली है। डीएनए टेस्ट के बाद ही स्पष्ट जानकारी सामने आएगी।



श्मशान घाट में मिला नरकंकाल व कपड़ा।

**की जा रही जांच**

कंचनपुर के श्मसान से एक मानव अवशेष पुलिस ने बरामद कर फॉरेंसिक एक्सपर्ट की मदद ली है, जिसको लैब टेस्ट के लिए भेजा जाएगा। आशंका के तौर पर विवेचना में लापता बच्ची के परिजन के डीएनए टेस्ट करवा कर पता लगाया लगाया जाएगा। फिलहाल पुलिस मामले की विवेचना में जुटी है।

- नवनीत पाटिल, एसडीओपी

## अवैध रूप से शराब का परिवहन करते आरोपी गिरफ्तार



**लोरमी।** पुलिस ने शराब का अवैध रूप से परिवहन करते आरोपियों को पकड़ा है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 8 मई को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति अपनी मोटर सायकल में भारी मात्रा में अवैध शराब लेकर लोरमी से जुनापारा की ओर परिवहन करने वाला है। सूचना पर पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर आरोपी राजीव मिश्रा एवं उसके एक अन्य साथी आपचारी बालक को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने आरोपी को कब्जे से एक मोटर सायकल सीजी 28 एम 7138 सहित 8.640 बल्क लीटर शराब व 6 हजार 5 सौ रूपए नकद जब्त कर आरोपी को खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा धारा 34(2) 59 (क) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### पिकअप की टक्कर से तीन प्रोफसर घायल



**जरहागांव।** नेशनल हाइवे पर होने वाली सड़क दुर्घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। चूंकि सड़क पर कहीं पर भी गति अवरोधक नहीं है, लिहाजा वाहन चालक मनमाने तरीके से वाहन चलाते हैं, जिसकी वजह से आए दिन सड़क पर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। जानकारी के अनुसार तड़के सुबह जरहागांव के पथरिया मोड़ के पास मुर्गी से भरे तेज रफ्तार पिकअप ने कार को जबरजस्त टक्कर मार दी, कार कार सवार उसलापुर निवासी प्रोफेसर सुरेश कुमार भरते, खुर्शी अहमद, नरोतम कुमार घायल हो गए।

### 42.5 बल्क लीटर कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



**लालपुर।** एसपी के निर्देश पर पुलिस ऑपरेशन बाज चला कर अवैध नशे के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में लालपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति कच्ची महुआ शराब लेकर ग्राम सांवतपुर नहर रोड की ओर जा रहा है। सूचना पर पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर मौके से आरोपी सत्यप्रकाश टोंडे पिता पंचराम टोण्डे उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम इंदलपुर थाना लालपुर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से 42.5 बल्क लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 4 हजार 2 सौ 50 रूपए एवं शराब तस्करी में प्रयुक्त स्पलेंडर बाइक कीमती 60 हजार सहित रूपए सहित कुल 64 हजार 2 सौ 50 रूपए का सामान जब्त कर लिया। मामले पर पुलिस ने आबकारी एक्ट की धारा 34(2), 59(क) के तहत अपराध पंजीबद्ध पर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।



## खनिज व राजस्व विभाग की कार्रवाई, 120 ट्रैक्टर रेत जब्त

**तखतपुर।** ग्राम मोढ़े में अवैध रूप से भंडारित 120 ट्रेक्टर रेत को एसडीएम एवं राजस्व विभाग ने छापा मारकर जब्त कर लिया। मनियारी नदी के किनारे बसे गांव इस बार रेत खनन के मामले में पूरे क्षेत्र में चांदी काट रहे हैं। नगर से लेकर निचले हिस्से तक मनियारी नदी को रसूखदारों ने छलनी कर दिया है।

जगह-जगह रेत माफियाओं ने नदी से रेत निकालकर शासन को लाखों रूपए का चुना लगाया है। इसी क्रम कलेक्टर को शिकायत मिली कि मोढ़े गांव में नदी किनारे लगभग अवैध 120 ट्रेक्टर रेत का भंडारण किया गया है। शिकायत पर कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग और राजस्व विभाग की टीमों ने छापामार कार्रवाई करते हुए अलग-अलग जगह पर भंडारित 120 ट्रेक्टर रेत जप्त कर उपसरपंच को सुपूर्द किया। इस कार्यवाही में तहसीलदार पंकज सिंह, माईनिंग इंस्पेक्टर राजू यादव, राजस्व निरीक्षक ऋषिराज शामिल रहे।

## पैसों के लेनदेन पर नपा ठेकेदार के साथ मारपीट

**तखतपुर।** आपसी लेनदेन के विवाद को लेकर गिट्टी एवं रेत ठेकेदार ने नगरपालिका के ठेकेदार से मारपीट कर दी, जिस पर अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस ने विवेचना शुरू की गई।

जानकारी के अनुसार तालापारा बिलासपुर निवासी जावेद रजा ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि वह तखतपुर नपा में प्राईवेट सिविल ठेकेदारी का काम करता है। 2021 में उसने तखतपुर चुलघट रोड निवासी देवा यादव से 3 लाख 60 हजार 2 सौ रूपए की रेत व गिट्टी खरीदी, जिसका भुगतान 2 लाख 13 हजार 8 सौ और 1 लाख 26 हजार 5 सौ रूपए का डीजल-पेट्रोल सहित कुल 3 लाख 40 हजार 4 सौ रूपए का भुगतान कर चुका हूं, इसके बाद भी देवा यादव 2 लाख रूपए की अतिरिक्त मांग करता है। उसने बताया कि 6 मई को शाम 4 बजे श्रीराम सदन के पास वह नाली और नाले का निर्माण कार्य करा रहा था, तभी देवा यादव आया और 2 लाख रूपए की मांग करते हुए उसके साथ गाली-गलौज कर दी। शिकायत पर पुलिस ने धारा 115,2 296, 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

## स्टेट बैंक में कार्यशाला उपभोक्ताओं का सम्मान



**बिल्हा।** विगत दिनों भारतीय स्टेट बैंक शाखा बिल्हा में आलोक रंजन उप महाप्रबंधक के मुख्य आतिथ्य एवं डीसेंट देवांगन प्रमुख प्रबंधक की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें संदीप असाटी मुख्य प्रबंधक अति विशिष्ट अतिथि एवं राकेश तिवारी शाखा प्रबंधक एवं डॉ आरसी अग्रवाल विशिष्ट अतिथि की उपस्थित रहे। इस अवसर पर शीर्ष जमाकर्ता के रूप में बैंक के साथ अच्छे संबंधों के लिए डॉक्टर आरसी अग्रवाल, जगदीश प्रसाद अग्रवाल, वैभव अग्रवाल को धन्यवाद पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को एसएचजी स्वीकृति पत्र प्रदान कर ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने वह वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने की दिशा में कदम बढ़ाया गया। साथ ही पीएमईजीपी योजना,एसएमई योजना के अंतर्गत स्वीकृत पत्र भी महत्वाकांक्षी उद्यमियों को प्रदान किया गया। स्थानीय रोजगार को समर्थन देने की प्रतिबद्धता के साथ ही उप महाप्रबंधन के अमूल्य मार्गदर्शन तथा बैंकिंग सेवा के प्रत्येक क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन पूनम लता तथा धन्यवाद ज्ञापन श्री राकेश तिवारी ने किया।

## मेढ़पार बाजार में किया गया सड़क का भूमिपूजन



**सकरी।** मेढ़पार बाजार से नदी तक 1 करोड़ 87 लाख की लागत से बनने वाली सड़क का भूमिपूजन क्षेत्रीय विधायक डॉ धर्मजीत सिंह ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश की साय सरकार के कार्यकाल में पूरे प्रदेश में गांव से लेकर शहर तक सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है।

■ गांव से लेकर शहर तक बिछ रहा विकास का जाल : धर्मजीत

साथ ही उन्होंने कहा कि हम दृढ़ संकल्पित हैं कि लोगों को पानी, बिजली, स्वास्थ्य और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए किसी का मुंह ताकना पड़े। पूर्व जिला पंचायत सदस्य संतोष कौशिक गुरुजी ने कहा कि विधायक ने गांव की बहुप्रतीक्षित सड़क की मांग को पूरा कर दिया। निश्चित ही विधायक विकासकार्यों के लिए गंभीर रहते हैं। सरपंच सत्यवती दिनेश धृतलहरे ने सड़क निर्माण के लिए क्षेत्र की जनता की ओर से विधायक का आभार जताया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रामकुमार निर्मलकर, जनपद सदस्य कविता महेश यादव, सरपंच कुकुसदा जनक साहू, उपसरपंच मेढ़पार गुलशन जांगड़े, कलेश यादव, खेलावन लहरे, दुर्गेश यादव, दीपिका पात्रे, सुमंत लहरे, शिवकली केवट, शशि चतुर्वेदी, रामकुमार मरकाम, संदीप काले, रामकुमार पटेल, अशोक जायसवाल, बनमली यादव, रामनाथ निषाद, तोपचंद बघेल, भगलू प्रजापति, दीपक लहरे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## नकद व सट्टापट्टी सहित आरोपी गिरफ्तार

**मुंगेली।** पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देश पर असमाजिक तत्वों एवं मादक पदार्थ की तस्करी करने वालों के विरूद्ध ऑपरेशन बाज चलाकर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। करने निर्देश दिया गया है।

इसी क्रम में 8 मई को सायबर सेल को सूचना मिली कि शहीद धनंजय सिंह स्टेडियम में 1 व्यक्ति कागज में अंकों का सट्टा लिख रहा है। सूचना तपर कोतवाली पुलिस एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम ने मौके पर लदबिश देकर राजेंद्र सारथी पिता प्रहलाद सारथी उम्र 32 वर्ष साकिन वार्ड नंबर 7 सारथी पारा मुंगेली थाना सिटी कोतवाली को पकड़ लिया। आरोपी के कब्जे से 750 रूपए नकद, सट्टा–पट्टी एवं इस्तेमाली पेन बरामद कर आरोपी के विरूद्ध जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत कार्रवाई की गई।

## सकरी आत्मानंद स्कूल के विद्यार्थियों शानदार प्रदर्शन



**सकरी।** स्वामी आत्मानंद हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में दसवीं एवं बारहवीं का परीक्षा फल उत्कृष्ट रहा एवं छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। दसवीं कक्षा में अंग्रेजी माध्यम का परीक्षा फल 100 प्रतिशत तथा हिन्दी माध्यम का परीक्षाफल 88 प्रतिशत रहा। इसी तरह बारहवीं कक्षा में अंग्रेजी माध्यम का परीक्षाफल 85 प्रतिशत रहा, जबकि हिन्दी माध्यम में कला संकाय में 83 प्रतिशत, विज्ञान संकाय में 84 प्रतिशत तथा वाणिज्य संकाय में 79 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। दसवीं कक्षा में मूलक राज 96 प्रतिशत पहले, प्रतीक यादव 95 प्रतिशत दूसरे, भूमि कौशिक 94 प्रतिशत तीसरे, तनु कौशिक 93 प्रतिशत चौथे, हर्ष बरामटे 91 प्रतिशत पांचवें, काजल पाल 90 प्रतिशत छठवें तथा त्रिप्ती तिवारी 90 प्रतिशत सातवें स्थान पर रहे।

## युवक ने की ससुर, सास साली से मारपीट, जुर्म दर्ज

तखतपुर। ससुराल पहुंचकर युवक ने अपने ससुर, सास व साली के साथ मारपीट कर दी। मामले पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगोई निवासी परदेशी मरावी रोजी मजदूरी का काम करता है, जिसकी बेटी संजना नेताम का विवाह कांग्रेस सिंह नेताम के साथ हुआ था। वहीं कांग्रेस सिंह नेताम की बहन सरोजनी का विवाह उसके बेटे के साथ हुआ है। उसकी बहू सरोजनी पिछले सात-आठ माह से पारिवारिक बात से नाराज होकर अपने मायके अरईबंद चली गई है। इससे सरोजनी का भाई कांग्रेस सिंह नेताम परदेशी की की बेटी संजना नेताम के साथ मारपीट करता था। इस संबंध में 7 मई को ग्राम अरईबंद में सामाजिक बैठक आयोजित की गई, जिसमें पंचों की राय से वह अपनी बेटी को अपने घर नगोई ले आया। इस बात से कांग्रेस सिंह नेताम अपनी बहन सरोजनी, आकाश एवं अन्य साथी के साथ रात 9:30 बजे नगोई पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। मारपीट में प्रार्थी की बेटी संजना, पत्नि इसरौतीन, बेटी पूनम, सतरूपा व बेटे सनीत मरावीको गंभीर चोटें आई।

## 8 किलो गांजा सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**पथरिया।** एसपी भोजराज पटेल के निर्देशानुसार क्षेत्र में नशाखोरी और नशा कारोबारियों के खिलाफ विशेष अभियान चला कर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में पथरिया पुलिस ने लगभग 8 किलो गांजे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

थाना प्रभारी रघुवीर सिंह चंद्रा ने बताया की गुरुवार को मुखबिर से सुचना मिली की नगर के वार्ड 6 के एक मकान के बाथरूम में भारी मात्रा में गांजा अवैध बिक्री के लिए रखा गया है। सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आनंद किशोर यादव के घर से 7.830 किलो गांजा कीमती 75 हजार 4 सौ 70 व मोबाइल जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने यह भी बताया कि पिछले कई दिनों से क्षेत्र में गांजा बिक्री की होसूचनाएं मिल रही थीं, जिसके आधार पर पुलिस लगातार आरोपी को पकड़ने के लिए प्रयासरत थी। आरोपी आनंद किशोर यादव के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 बी के तहत अपराध दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## अवैध शराब की बिक्री पर नहीं हो रही कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतनपुर

रतनपुर में अवैध शराब की बिक्री जोरों पर है। धर्म नगरी का ऐसा कोई मोहल्ला नही है, जहां अवैध कच्ची या देशी अंग्रेजी शराब न बिकती हो। यहां तक कि थाना क्षेत्र के 100 मीटर अंदर ही अवैध शराब की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। इसकी शिकायत अधिकारियों को लंबे समय से मिलती आ रही है, लेकिन सिर्फ दिखावे की कार्रवाई कर खानापूर्ति कर मामला दबा दिया जाता है।

लिहाजा कोचियों के हौसले बुलंद हैं, और धड़ल्ले से इस अवैध कारोबार को चलाया जा रहा है। लंबे समय से थाना परिसर के आसपास ही अवैध शराब की बिक्री हो रही है, लेकिन जानकारी होते हुए भी इस पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।



न्यायालय : श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 कोटा, जिला बिलासपुर (छ.ग.)
(पीठासीन अधिकारी केवरा राजपूत)
// समंस नोटिस ईश्तहार //
(प्रकाशन अंतर्गत आदेश 05 नियम 20 व्य.प्र.स.)
श्रीमती चैती खुटे .........वादिनी बनाम
छ.ग. शासन वगैरह ...........प्रतिवादीगण
व्य वाद क्र. 17ए/ 2025
आदेश दिनांक 24/04/2025
पेशी दिनाक 10/06/2025, प्रोसेस क्र. आम जनता (जो संबंधित हो)
एतद् द्वारा आप प्रति क्र.03 आम जनता (जो संबंधित हो) को सूचित किया जाता है कि वादी श्रीमती चैती खुटे उम्र लगभग 32 वर्ष, पति संजय खुटे, जाति सतनामी, पेशा गृहणी, निवासी फिरंगीपारा भोला गली, वार्ड क्र.06 कोटा, तहसील कोटा, जिला बिलासपुर (छ.ग) द्वारा मौजा कोटा, प.ह.न. 14/33, रा.नि.म. व तहसील कोटा ख.न. 436/6 रकबा 0.06 एकड भूमि स्थित है. उक्त भूमि के भूमिस्वामी जार्ज माईकल आईज्यू की मृत्यु हो चुकी है. उक्त भूमि के संबंध में वादिनी द्वारा घोषणा, स्थायी निषेधाज्ञा एवं आज्ञापक निषेधाज्ञा कीमती 3600/- (तीन हजार छ. सौ रुपये) का वाद इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, अत आप प्रति क्र.03 आम जनता (जो सबधित हो) पेशी दिनांक 10/06/2025 को दिन के 11:00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करे, अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी, यदि किसी कारण वश दिनांक 10/06/2025 को शासकीय या न्यायालीन अवकाश घोषित होने पर आगामी कार्य दिवस पर सुनवाई की जावेगी मेरे हस्ताक्षर एव पद मुद्रा द्वारा जारी किया गया।
(श्रीमती केवरा राजपूत) द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 2 श्रेणी कोटा, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर
उद्घोषणा
क्रमांक/क/तह/वाचक/2025
सकरी दिनांक 06.05.2025
रा.प्र.क्र./अ-19/2024-2025
ग्राम जोंकी, प.ह.नं. 44, तहसील सकरी
एतद् द्वारा आम जनता ग्राम जोकी, प.ह.नं. 44, तहसील सकरी जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री गणेश राम महरा, प्रांताध्यक्ष, छ.ग. महरा जाति समाज उत्थान समिति पता प्लाट नंबर 111/112 फेस-3, पावर सिटी अयोध्यापुरी, जमनीपानी कोरबा के द्वारा ग्राम जोकी, प.ह.नं. 44, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 528 में से रिक्त 0.05 एकड़ भूमि को सामाजिक भवन निर्माण हेतु मांग की गई है।
उक्त भूमि निस्तार पत्रक से पृथक करते हुए आवेदक को उक्त कार्य के लिए आबंटित किया जाना है इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा हो तो वह अपना आपत्ति-दावा दिनांक 23.05.2025 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं इसके बाद में आने वाले आपत्ति दावों पर विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 06.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।
तहसीलदार, सकरी

कार्यालय पटवारी ह.नं.21,रा.नि.मं. कोनी, तह.बिलासपुर, जिला-बिलासपुर
सूचना पत्र
सूचना क्र./पट./2025 दिनांक 01/05/2025
प्रति,
श्री विरेन्द्र सिंह चौहान पि.चंद्रभान सिंह
विषय: मौका जाँच/सीमांकन में उपस्थित होने बाबत्।
आप लोगों को सूचित किया जाता है कि आवेदक विरेन्द्र सिंह चौहान पिता/पति चंद्रभान सिंह जाति चौहान निवासी सरकंडा की मौजा मोहतराई प.ह.नं.21, रा.नि.मं. /तहसील बिलासपुर, जिला-बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 759/3, 759/4, 759/5 रकबा 0.0625, 0.0641, 0.4850 हेक्टेयर का मौजा जाँच /सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर से ज्ञापन प्राप्त हुआ है।
न्यायालयीन आदेशानुसार आवेदित भूमि का मौका जाँच/सीमांकन दिनांक 13/05/2025 को 10 बजे से 05 बजे के अंदर किया जावेगा।
अतः आप अपना दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय में उपस्थित होवें।
टीप:-आवेदक सरहदी कृषक को सूचित करें एवं इस सूचना पत्र में हस्ताक्षर करावें।
तेजस्वी कुमार साहू
पटवारी ह.नं.-21, तहसील बिलासपुर

कार्यालय पटवारी ह.नं.21,रा.नि.मं. कोनी, तह.बिलासपुर, जिला-बिलासपुर
सूचना पत्र
सूचना क्र./पट./2025 दिनांक 01/05/2025
प्रति,
श्री युवराज सिंह पि. देवेन्द्र सिंह ठाकुर
विषय: मौका जाँच/सीमांकन में उपस्थित होने बाबत्।
आप लोगों को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री युवराज सिंह पिता/देवेन्द्र सिंह जाति ठाकुर निवासी नर्मदानगर की मौजा मोहतराई प.ह.नं.21, रा.नि.मं. /तहसील बिलासपुर, जिला-बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 764/1, 764/3, रकबा 0.0510, 0.0500 हेक्टेयर का मौजा जाँच/ सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर से ज्ञापन प्राप्त हुआ है।
न्यायालयीन आदेशानुसार आवेदित भूमि का मौका जाँच/सीमांकन दिनांक 13/05/2025 को 10 बजे से 05 बजे के अंदर किया जावेगा।
अतः आप अपना दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय में उपस्थित होवें।
टीप:-आवेदक सरहदी कृषक को सूचित करें एवं इस सूचना पत्र में हस्ताक्षर करावें।
तेजस्वी कुमार साहू
पटवारी ह.नं.-21, तहसील बिलासपुर

कार्यालय पटवारी ह.नं.21,रा.नि.मं. कोनी, तह.बिलासपुर, जिला-बिलासपुर
सूचना पत्र
सूचना क्र./पट./2025
दिनांक 01/05/2025
प्रति,
श्री सुधा बायो पावर प्रा.लि.अधिकृत देवेन्द्र सिंह, गंगाधर, चंद्रप्रकाश
विषय: मौका जाँच/सीमांकन में उपस्थित होने बाबत्।
आप लोगों को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सुधा बायो पावर प्रा.लि. अधिकृत देवेन्द्र सिंह जाति... निवासी नर्मदानगर, बिलासपुर की मौजा मोहतराई प.ह.नं.21, रा.नि.मं.कोनी/तहसील बिलासपुर, जिला-बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं.926/3, 926/4, रकबा 0.9330, 0.2830 हेक्टेयर का मौजा जाँच/ सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर से ज्ञापन प्राप्त हुआ है।
न्यायालयीन आदेशानुसार आवेदित भूमि का मौका जाँच/सीमांकन दिनांक 13/05/2025 को 10 बजे से 05 बजे के अंदर किया जावेगा।
अतः आप अपना दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय में उपस्थित होवें।
टीप:-आवेदक सरहदी कृषक को सूचित करें एवं इस सूचना पत्र में हस्ताक्षर करावें।
तेजस्वी कुमार साहू
पटवारी ह.नं.-21, तहसील बिलासपुर

कार्यालय पटवारी ह.नं.21,रा.नि.मं. कोनी, तह.बिलासपुर, जिला-बिलासपुर
सूचना पत्र
सूचना क्र./पट./2025, दिनांक 01/05/2025
प्रति,
श्री प्रीति चौहान पति विरेन्द्र सिंह
विषय: मौका जाँच/सीमांकन में उपस्थित होने बाबत्।
आप लोगों को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रीति चौहान पिता / पति विरेन्द्र सिंह जाति... निवासी सरकंडा की मौजा मोहतराई प.ह.नं.21, रा.नि.मं./तहसील बिलासपुर, जिला-बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं.759/2, 765/3, रकबा 0.1190, 0.1460 हेक्टेयर का मौजा जाँच/ सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर से ज्ञापन प्राप्त हुआ है।
न्यायालयीन आदेशानुसार आवेदित भूमि का मौका जाँच/सीमांकन दिनांक 13/05/2025 को 10 बजे से 05 बजे के अंदर किया जावेगा।
अतः आप अपना दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय में उपस्थित होवें।
टीप:-आवेदक सरहदी कृषक को सूचित करें एवं इस सूचना पत्र में हस्ताक्षर करावें।
तेजस्वी कुमार साहू
पटवारी ह.नं.-21, तहसील बिलासपुर

कार्यालय प.ह.नं.45, रा.नि.मं. सकरी तह.सकरी, जिला-बिलासपुर
//सीमांकन सूचना//
दिनांक 09/05/2025
प्रति- 1. आवेदक गंगा प्रसाद पि.प्रेमलाल ढीमर, राजीव नगर, बिलासपुर 2. हजारी लाल मेरसा पि. मनीराम, सा.नरोतीकापा, कोटा 3.दौलत राम, 4. अनिल पि.बाबूलाल वगै. सा.सकरी, 5. वैभव अग्रवाल पि.विश्वभरण सा.बिलासपुर 6. राजेन्द्र कुमार अग्रवाल पि.महावीर प्रसाद सा.शुभम विहार बिलासपुर 7. संबंधित अन्य।
विषय: सीमांकन/बटांकन में उपस्थित रहने बाबत।
संदर्भ: रा.प्र.क्र. 1/ तह./रीडर /2024 सकरी दिनांक 19.11.2024
संदर्भित विषयांतर्गत ज्ञापन के पालन में ग्राम सकरी म.नं.1 प.ह.नं. 45, रा.नि.मं. सकरी तह.सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) के अंतर्गत ख.नं. 932, रकबा 0.0970 हे. एकड़ /हेक्टेयर भूमि स्वामी गंगाप्रसाद पिता प्रेमलाल ढीमर निवासी राजीव नगर, बिलासपुर द्वारा सीमांकन/बटांकन का आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूमि का सीमांकन/बटांकन दिनांक 13.05.2025 को लगभग 10 बजे सुबह से 05.00 बजे शाम के बीच किया जावेगा।
अतः आप समीपवर्ती भूमि संबंधी दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होवें। अनुपस्थिति की दशा में आपत्ति स्वीकार नहीं होगा। अतः सूचना प्रेषित।
टीप:- विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन /बटांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है। यह सूचना ग्राम पंचायत में चस्पा किया जावे एवं विभिन्न माध्यमों से उक्त व्यक्तियों को प्रेषित किया जावे।
राजस्व निरीक्षक जी को सूचनार्थ।
एस.पी.बर्मन,
पटवारी ह.नं.45, तहसील सकरी

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

जून माह में सेमेस्टर एग्जाम कराने प्राचार्यों ने दिए सुझाव, अटल यूनिवर्सिटी मई में कराना चाहती थी परीक्षा

# कोर्स अधूरा, सेमेस्टर एग्जाम इस माह कराने से कालेजों ने खड़े किए हाथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल यूनिवर्सिटी से संबद्ध कालेजों ने इस माह सेमेस्टर एग्जाम कराने से हाथ खड़े कर दिए हैं। कालेजों के प्राचार्यों ने यूनिवर्सिटी से साफ तौर पर कह दिया है कि अभी वे एग्जाम कराने की तैयारी में नहीं है, क्योंकि अभी तक सेकेंड सेमेस्टर का कोर्स पूरा नहीं हो पाया है।

अटल यूनिवर्सिटी से संबद्ध गवर्नमेंट व प्राईवेट कालेजों के प्राचार्यो ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति तहत सेकेंड सेमेस्टर एग्जाम को मई माह के बजाए जून माह में आयोजित किए जाने का सलाह यूनिवर्सिटी को दिया है। अटल यूनिवर्सिटी इसी महिने में यूजी फर्स्ट ईयर वाले छात्र-छात्राओं की सेकेंड सेमेस्टर एग्जाम कराने का निर्णय लिया था, लेकिन कालेजों में सेकेंड सेमेस्टर की पढ़ाई अधूरी हुई है। ऐसे में न तो कालेज वाले और न ही विद्यार्थी एग्जाम के लिए तैयार हैं। कालेजों के प्राचार्यो की सलाह और मांग पर यूनिवर्सिटी भी अब जून माह में सेमेस्टर एग्जाम की प्लानिंग कर रही है, क्योंकि यूनिवर्सिटी भी सेमेस्टर एग्जाम में ज्यादा लेटलतीफी नहीं कर सकती। अगर सेकेंड सेमेस्टर में विलंब होगा तो आगे सेमेस्टर एग्जाम का समय भी आगे खिसकते जाएगा, जिससे सेमेस्टर एग्जाम का टाइम टेबल गड़बड़ाएगा।



### जनवरी माह में हुआ था फर्स्ट सेमेस्टर एग्जाम

अटल यूनिवर्सिटी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति तहत पहला सेमेस्टर एग्जाम जनवरी माह में आयोजित की थी। इसमें फर्स्ट ईयर के 26 हजार 500 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने से यूजी में भी सेमेस्टर सिस्टम हो गया है और फर्स्ट ईयर में पहली बार सेमेस्टर सिस्टम से परीक्षा हो रही है। यूनिवर्सिटी ने परीक्षा के लिए 73 कालेजों को परीक्षा सेंटर बनाया गया था।

### नए सत्र का दूसरा सेमेस्टर एग्जाम

इस नए शिक्षा सत्र से छत्तीसगढ़ के सभी यूनिवर्सिटी, कालेजों में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की गई। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने से हायर एजुकेशन सिस्टम में काफी बदलाव आया है। पिछले सत्र तक कालेजों में परीक्षा की जो वार्षिक व्यवस्था थी वह भी बदल गई है। सालभर में पूर्व में एक बार वार्षिक परीक्षा होती थी। अब नई शिक्षा नीति तहत हर 6-6 माह में सेमेस्टर परीक्षा आयोजित की जा रही है। इसके तहत इस शिक्षा सत्र का यह दूसरा सेमेस्टर एग्जाम होना है।

### जून में एग्जाम कराने का दिया सुझाव

अटल यूनिवर्सिटी की ओर से नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति तहत यूजी के छात्र-छात्राओं की सेकेंड सेमेस्टर एग्जाम मई माह में आयोजित करने की तैयारी चल रही थी। लेकिन कालेज वाले इस माह सेमेस्टर एग्जाम कराने के पक्ष में नहीं है, क्योंकि उनकी तैयारी नहीं है और कोर्स भी पूरा नहीं हुआ है। इसलिए कालेजों के प्राचार्यों की ओर से जून माह में सेमेस्टर एग्जाम कराए जाने सुझाव दिया गया है।

**-डॉ. तरूणधर दीवान**
परीक्षा नियंत्रक, एयू

## ग्रीन पार्क रोहिणी विहार में भक्त ले रहे संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का आनंद



**बिलासपुर।** स्व. राजेश सोनी की स्मृति में ग्रीन पार्क रोहिणी विहार में संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इसमें श्रीधाम वृंदावन मथुरा के नितेष कृष्ण शास्त्री अपनी मधुरवाणी से श्रद्धालुओं को भक्तिरस का पान करा रहे हैं। 10 मई को बाल लीला गिरीराज पूजन का आयोजन किया गया। 11 मई को रुकमणी विवाह और सोमवार 12 मई को सुदामा चरित्र परीक्षित मोक्ष, चढ़ोत्री का का कार्यक्रम होगा। मंगलवार 13 मई को गीता पाठ, तुलसी वर्षा, हवन, कपिला तर्पण, सहस्त्रधारा कथा विश्राम होगा। इसे सफल बनाने गीताराम सोनी, गेंदबाई सोनी, रामरतन सोनी, मंजू सोनी, संजय सोनी, ब्रम्हाणी सोनी, विनीता सोनी आदि का सहयोग मिल रहा है।


ग्यारहवी पुण्यतिथि

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैन क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारूतः।।



स्व. कृष्ण कुमार तिवारी
(मन्ना भईया)

जन्म : 15/12/1932
निर्वाण : 11/05/2014

श्रेष्ठ पुरूष जैसा आचरण करते हैं,
जन मानस उसका वैसा अनुशरण करते हैं।
वे जो कुछ प्रमाणित कर देते हैं,
समस्त मनुष्य उसी के अनुरूप कार्य करते हैं।

अश्रुपूरित श्रद्धांजलि...

आपके स्थापित जीवन मूल्य हमारा पथ प्रदर्शक
और आपकी प्रेरणा हमारा सबल है...

श्रद्धावनत्-गौरव तिवारी-शिल्पी तिवारी


## सुशांत ने किया फन फेयर डिज्नीलैण्ड मेले का शुभारंभ



बिजनेस प्लस

**बिलासपुर।** साइंस कॉलेज ग्राउंड में लगे फन फेयर मेले का शुक्रवार को उद्घाटन विधायक बेलतरा सुशांत शुक्ला, महापौर पूजा विधानी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मेले के संयोजक सलीम, मो. अमजद, मो. अजहरुद्दीन, जय वाधवानी, शैलेश देवांगन, ओमप्रकाश पांडेय, प्रतीक सोनी, मोनू रत्नाकर, राजेश दुबे, पवन कश्यप, रोशन सोनी, शिवा कटारिया, तपन आदि उपस्थित थे।

## लोटस का परिणाम शत प्रतिशत रहा

एजुकेशन प्लस

**बिलासपुर।** लालखदान महमंद लोटस एकेडमी हायर सेकेंडरी स्कूल कक्षा नर्सरी से 12 वीं तक संचालित है। स्कूल का परीक्षा परिणाम सत्र 2025 में 5 वीं, 8वीं, 10 वीं 12 वीं बोर्ड का शत प्रतिशत रहा।

संस्था की संचालिका निशा दीक्षित एवं प्राचार्य शिल्पा डांगरे ने बताया कि इसमें कक्षा 5 वीं में अंश निर्मलकर 96.50 प्रतिशत प्रथम, कुबेर कश्यप 96 प्रतिशत द्वितीय रहा। कक्षा 8 वीं में हिंशु पटेल, 84.17 प्रतिशत प्रथम, क्षितीज यादव 81.5 प्रतिशत द्वितीय, कक्षा 12 वीं कामर्स में अनुराग बोले 89.2 प्रतिशत प्रथम, चरन मेहरा 84 प्रतिशत द्वितीय रहे। प्राचार्य शिल्पा ने बताया कि यहां सेकेंडरी में गणित, बायोलाजी एवं कामर्स विषय लेकर छात्र पढ़ाई कर रहे हैं। यहां न्यूनतम शुल्क में विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान की जाती है। यहां आधुनिक शिक्षण की सुविधाएं उपलब्ध हैं। स्मार्ट क्लासेस द्वारा छात्रों को विषय से संबंधित शिक्षा दी जाती है। लोटस एकेडमी हायर सेकेंडरी इंग्लिश मिडियम स्कूल में सत्र 2025-26 के लिए कक्षा नर्सरी से 12 वीं गणित, बायोलाजी एवं कामर्स में प्रवेश प्रारंभ है। यहां विशेष बच्चों के लिए रेमेडियल क्लास का भी प्रावधान है। प्रयोगशाला में अनुभवी शिक्षकों द्वारा प्रायोगिक उपकरणों का प्रयोग सिखाया जाता है। प्रारंभ से स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। स्मार्ट क्लास द्वारा विद्यार्थियों को विषय से संबंधित शिक्षा प्रदान की जाती है जिससे विद्यार्थियों का कौशल एवं व्यक्तित्व विकास होता है। स्कूल में शैक्षणिक गतिविधियों के साथ शारीरिक विकास पर भी ध्यान दिया जाता है। यह जानकारी अनिल कुमार डांगरे ने दी।






10 MAY- BSP-PG-8_Layout 1 5/11/2025 12:52 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### ग्रीष्मकालीन अवकाश की तिथि रहेगी पूर्ववत

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने ग्रीष्मकालीन अवकाश की तिथि बढ़ाए जाने के संबंध में जारी आदेश को वापस ले लिया है। इस आदेश के बाद ग्रीष्मकालीन अवकाश की तिथि पूर्ववत ही रहेगी। आदेश के बाद हाईकोर्ट का समर वेकेशन पहले की तरह 12 में से 6 जून तक ही रहेगा। हाईकोर्ट में नियमित सुनवाई इसके बाद 9 जून से ही होगी। ध्यान रहे की एक दिन पहले हाईकोर्ट ने समर वेकेशन के आदेश में आंशिक संशोधन किया था। इसके मुताबिक समर 2 से 28 जून 2025 के बीच रखा गया था। समर वेकेशन के बदलाव का अधिवक्ता संघ ने विरोध भी किया था।

### पहले की तरह चलेगी छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस

**बिलासपुर।** भारत पाकिस्तान युद्ध के कारण मेरठ तक चलाने वाली छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस को युद्ध विराम के बाद सामान्य कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि युद्ध के आसार होने के कारण रेलवे बोर्ड ने दिल्ली, अमृतसर की ओर जाने वाली गाड़ियों के पहियों को रोकने का आदेश जारी किया था, इसमें बिलासपुर से अमृतसर जाने वाली छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस भी शामिल थी। 18237/18238 कोरबा से बिलासपुर, रायपुर, नागपुर होकर अमृतसर तक चलने वाली छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस को 10, 11, 12 मई को मेरठ स्टेशन में समाप्त करने का और वापसी में अमृतसर के स्थान पर 12, 13, 14 मई को मेरठ स्टेशन से बिलासपुर रवाना करने का आदेश दिया गया। इसके कारण दिल्ली, अमृतसर की ओर जाने वाले यात्री परेशान हो गए थे।

### युवक ने ट्रेन से कटकर की खुदकुशी

**बिलासपुर।** एक युवक ने ट्रेन से कटकर खुदकुशी कर लिया है।



पुलिस जांच में जुट गई है। सकरी टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, लोखंडी निवासी अश्वनी पटेल पिता समारू पटेल 19 साल शनिवार की सुबह घरवालों को घूमकर आने की बात कहकर निकला था। उसके बाद लोखंडी फाटक के पास ट्रेन आने पर उसके सामने कुद गया, जिससे कटकर उसकी मौत हो गई है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया है।

### रिवर व्यू में मिला शव नहीं हो सकी पहचान

**बिलासपुर।** रिवर व्यू एक व्यक्ति मृत मिला है। उसकी पहचान नहीं हो पाई है। शव मरच्यूरी में रखवा दिया गया है। कोतवाली टीआई विवेक पाण्डेय ने बताया, शनिवार की सुबह सफाई करने वाले रिवर व्यू गए और झाड़ू लगा रहे थे। इसी दौरान कुर्सी में सो रहा एक व्यक्ति जमीन में गिर गया। सफाई करने जाकर उसे देखें तो वह बदहवास था। आनन फानन में उसे सिम्स ले जाया गया, जहां डाक्टर ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतक की उम्र 50 साल के आसपास की बताई जा रही है। उसकी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव मरच्यूरी में रखवा दिया है।

---

**अवैध खनन की एसडीएम करेंगे कड़ी निगरानी** | **कलेक्टर ने ली बैठक, बोरिंग मशीन संचालकों को दिया निर्देश**

# जीपीएस सिस्टम से होगी बोरिंग मशीनों की जासूसी, पीएचई विभाग को जिम्मेदारी



**बिलासपुर।** बोरिंग मशीनों की कड़ी निगरानी के लिए जल्द ही इनमें जीपीएस सिस्टम लगाए जाएंगे। बोर मशीनों में जीपीएस सिस्टम लगाने की जिम्मेदारी पीएचई यांत्रिकी विभाग की होगी।

जिले में व्याप्त भीषण जलसंकट और अवैध बोर खनन की लगातार शिकायतों के बाद कलेक्टर ने सभी पंजीकृत बोरिंग मशीन संचालकों की बैठक लेकर अवैध बोर खनन नहीं करने की समझाइश दी है। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को अवैध बोर खनन की कड़ी निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। गिरते जलस्तर व एक माह पूर्व ही बोर खनन पर प्रतिबंध होने के बावजूद भी अवैध खनन की लगातार शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर संजय अग्रवाल ने शनिवार को बोरिंग मशीन संचालकों की बैठक ली। मंथन सभाकक्ष में आयोजित बैठक में उन्होंने संचालकों को किसी भी हालत में अवैध खनन नहीं करने की समझाईश दी। बैठक में 50 बोरिंग मशीन संचालकों की मौजूदगी में उन्होंने जिले की सभी पंजीकृत मशीनों में जीपीएस सिस्टम लगाने के निर्देश दिए, ताकि मशीनों की आवाजाही जानकारी में रहें। इस कार्य की जिम्मेदारी पीएचई यांत्रिकी विभाग को सौंपी गई है। इसी तरह सभी एसडीएम को भी अवैध खनन रोकने के लिए लगातार कड़ी निगरानी करने के निर्देश दिए हैं।

### गांव-गांव में फैले हैं दलाल

बोर खनन कराने के लिए यह जरूरी नहीं कि बोरिंग मशीन संचालक से ही संपर्क किया जाए। बोरिंग मशीन उपलब्ध या बोर खनन हेतु संपर्क करें, जैसी सूचनाएं गांव-गांव की दुकानों में लगे बोर्ड या घर की दीवारों पर पढ़ने को मिल जाएंगी। ये वास्तव में बिचौलिए हैं, जो बोरिंग मशीन संचालकों की ओर से गांव-गांव में सर्वे कर बोर खनन के लिए ग्राहक तलाशते हैं। ऊंची दरों से शुरू हुई खनन की दर मोलभाव के बाद काफी नीचे तक भी आ जाती है। जब एक ही गांव में खनन के तीन से चार ग्राहक मिल जाते हैं, तो बोरिंग मशीन देर रात गांव में आकर अल सुबह नदारद हो जाती है। पूरा मामला रात का होने के कारण किसी को इसकी भनक तक नहीं लग पाती।

### दो पीढ़ी ने ही खर्च दिया अगली दो सौ पीढ़ियों का पानी

कलेक्टर ने केंद्रीय ग्राउंड वाटर रिपोर्ट का जिक्र करते हुए बताया कि भूजल का दो प्रतिशत पेयजल, 13 प्रतिशत उद्योग व 85 प्रतिशत कृषि के लिए उपयोग किया जा रहा है। भूजल के अंधाधुंध दोहन पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि पिछली दो से तीन पीढ़ियों ने ही अगली दो सौ पीढ़ियों के बराबर का पानी उपयोग कर लिया है। प्राकृतिक संसाधनों पर केवल एक -दो पीढ़ियों का ही अधिकार नहीं है। गर्मी में धान की फसल को भी गिरते जलस्तर के लिए बड़ा कारण बताते हुए उन्होंने कहा कि पानी का ऐसा अंधाधुंध इस्तेमाल अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जल संरक्षण केवल सरकार का नहीं, बल्कि जन जागरूकता का विषय है।

### सिर्फ 40 बोरिंग मशीन जिले में पंजीकृत

पीएचई विभाग के अनुसार जिले में पंजीकृत बोरिंग मशीनों की संख्या 40 है, लेकिन जिले में अवैध बोर खनन की संख्या को देखकर यह कहा जा सकता है कि बोरिंग मशीनों की वास्तविक संख्या सैकड़ा पार ही होगी। ज्यादातर मशीनें गैर पंजीकृत हैं व अवैध खनन में संलिप्त हैं। गैर पंजीकृत होने के कारण पीएचई विभाग को अवैध खनन की जानकारी ही नहीं मिल पाती है। अवैध बोर खनन के ज्यादातर मामलों में बोरिंग मशीनें सीमा से लगी पड़ोसी जिले की होती हैं, जो देर रात खनन कर वापस लौट जाती हैं।

### सभी मशीनों में लगेगा जीपीएस

जिले में 40 बोरिंग मशीन पंजीकृत हैं। कलेक्टर के निर्देशानुसार इन सभी मशीनों में जीपीएस सिस्टम लगाए जाएंगे।

-हर्ष कवीर, ईई पीएचई

---

खनिज और राजस्व विभाग घूम-घूमकर पकड़ रहा अवैध रेत

# उधर कार्रवाई, इधर रेत की अवैध खुदाई जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेत के अवैध खनन व परिवहन को रोकने के लिए खनिज एवं राजस्व विभाग चाहे जितनी भी मुस्तैदी दिखा दें, लेकिन रेत चोर इन दोनों विभागों से कहीं ज्यादा सक्रिय नजर आ रहे हैं। शहर के आसपास रेत घाटों में दिन-दहाड़े न केवल रेत की खुदाई हो रही है, बल्कि खोदी गई रेत का परिवहन भी हो रहा है।

- शहर के घाटों में दिन-दहाड़े हो रही अवैध रेत

खनिज विभाग रेत का अवैध खनन, परिवहन और भंडारण करने वालों पर चाहे जितनी भी सख्ती बरत लें, लेकिन इस कार्य में संलिप्त गिरोह का मनोबल कम नहीं हो रहा है। इसके पीछे मुख्य कारण खनिज विभाग और रेत माफियाओं की जुगलबंदी है या कुछ और, लेकिन यह शत प्रतिशत सच है कि रेत माफिया खनिज विभाग और राजस्व विभाग की कार्रवाई को ठेंगा दिखा रहे हैं। लोखंडी रेत घाट में शनिवार को रेत माफिया दो ट्रैक्टरों के माध्यम से दिन-दहाड़े रेत का न केवल अवैध उत्खनन करते दिखाई दिए, बल्कि अवैध तरीके से खोदी गई रेत को मुख्य मार्गों से होते हुए अपने अवैध भंडारण स्थल तक भी ले गए। दो दिनों पहले ही खनिज एवं राजस्व विभाग द्वारा बोदरी तहसील में छापामार कार्रवाई कर करीब पांच सौ ट्रैक्टर रेत जब्त की गई थी, लेकिन रेत चोरों को कोई फर्क नहीं पड़ना व सतत अपने कार्य को अंजाम देते रहना प्रशासन की कार्रवाई पर प्रश्नचिह्न लगा रहा है।



अरपा रेत घाट पर अवैध उत्खनन करती एक्सीवेट एवं खड़ी ट्रैक्टर।

### मोढ़े में पकड़ी गई 120 ट्रैक्टर रेत

राजस्व एवं खनिज विभाग द्वारा तखतपुर तहसील के ग्राम मोढ़े में संयुक्त रूप से छापामार कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से भंडारण कर रखी गई 120 ट्रैक्टर रेत जब्त कर ली गई। उक्त रेत को गांव में अलग-अलग स्थानों पर भंडारण करके रखा गया था। विभाग को प्राप्त शिकायत के आधार पर की गई छापामार कार्रवाई के दौरान गांव के ही प्रमोद कुमार निर्मलकर द्वारा 120 ट्रैक्टर रेत का अलग-अलग जगहों पर अवैध भंडारण किया गया था। रेत को जब्त कर उपसरपंच के सुपुर्द करते हुए अनावेदक को नोटिस जारी किया गया। उक्त कार्रवाई में पंकज सिंह तहसीलदार तखतपुर, राजू यादव माइनिंग इंस्पेक्टर बिलासपुर, ऋषि राज राजस्व निरीक्षक, हल्का पटवारी, सरपंच एवं कोटवार उपस्थित थे।



---

**दोषियों पर कार्रवाई के निर्देश**

# कनिष्ठ लेखाधिकारी पदोन्नति सूची निरस्त

**बिलासपुर।** वरिष्ठता सूची में नाम नहीं होने के बाद भी नियमों को परे रखकर ट्राईबल विभाग में जारी कनिष्ठ लेखाधिकारियों की पदोन्नति सूची निरस्त होगी। अवर सचिव, ट्राईबल ने नियम विरूद्ध तैयार की गई उक्त सूची को तत्काल प्रभाव से निरस्त करते हुए दोषियों पर कार्रवाई करने को कहा है।

- नियमों को ताक पर रखकर दी गई थी पदोन्नति

आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा लेखापाल व सहायक ग्रेड 2 से कनिष्ठ लेखाधिकारी के रूप में पदोन्नति सूची जारी की गई थी। सूची में अनेक खामियां थीं। सूची में ऐसे लोगों को पदोन्नत किया गया था, जो अपेक्षित वरिष्ठता रखते ही नहीं थे, वहीं पदोन्नति देने के बाद पदनाम बदलकर उन्हें ऐसी जगहों पर बैठा दिया गया, जहां पहले से ही कनिष्ठ लेखाधिकारी के पद पर अन्य लोग पदस्थ थे। छग तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष जीआर चंद्रा ने प्रमुख सचिव ट्राईबल से उक्त पदोन्नति सूची को निरस्त कर दोषियों पर कार्यवाही की मांग थी। चार अप्रैल 2025 को जारी उक्त सूची में कुल आठ कर्मचारी जिनमें प्रदीप सरकार, डीपी पाठक, शिवनारायण यादव, डीपी भिमटे, अशोक कुमार सोनकर, विवेक तिवारी, इकबाल अहमद खान व दीपेंद्र हयारण शामिल हैं। सूची में शामिल सहायक ग्रेड-2 डीपी पाठक का नाम 1 अप्रैल 2024 की स्थिति में जारी वरिष्ठता सूची में शामिल ही नहीं था, लेकिन फिर भी उन्हें न केवल कनिष्ठ लेखाधिकारी के रूप में पदोन्नत किया गया, बल्कि कार्यालय सहायक आयुक्त बिलासपुर में कार्यालय अधीक्षक के रिक्त पद के विरूद्ध बैठा दिया गया। इस पूरे मामले में श्री चंद्रा ने लेनदेन की भी आशंका जाहिर की थी।

### जांच प्रतिवेदन 7 दिन के अंदर मांगा

मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए अवर सचिव ट्राइबल सरोजनी टोप्पो ने आयुक्त ट्राइबल को पत्र भेजकर वरिष्ठता सूची में नाम नहीं होने के बाद भी दी गई पदोन्नति को तत्काल प्रभाव से निरस्त करते हुए उक्त नियम विरूद्ध पदोन्नति व पदस्थापना के लिए उत्तरदायी अधिकारी या कर्मचारी के संबंध में जांच व प्रतिवेदन सात दिवस के भीतर प्रस्तुत करने कहा है।

---

# नशेड़ी युवक ने आरक्षक पर किया हमला, सिर चेहरे में आई चोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शराब पीकर हंगामा मचाने पर पेट्रोलिंग पार्टी का एक आरक्षक युवक को पकड़कर थाने लाया। यहां भी हंगामा मचाने पर उसे हथकड़ी लगाई गई। नशेड़ी से हथकड़ी से आरक्षक पर हमला कर हुज्जतबाजी की, जिससे आरक्षक के सिर व चेहरे में चोट आई है।

शुक्रवार की रात भवानी नगर निवासी अभिषेक शर्मा पिता राजकुमार शर्मा 24 साल शराब पीकर एक महिला से गाली गलौज कर उपद्रव मचा रहा था। सूचना पर सिरगिट्टी थाने के पेट्रोलिंग पार्टी का एक आरक्षक मौके पर गया और उपद्रव मचा रहे अभिषेक शर्मा को पकड़कर थाने ले आया। नशे में धुत युवक थाने में भी गाली गलौज कर जमकर हंगामा मचाने लगा। इस पर उक्त आरक्षक उसे हथकड़ी लगा दी। नशे में धुत युवक को हथकड़ी लगाने नागवार गुजरा और उसने हथकड़ी से आरक्षक के सिर व चेहरे पर हमला कर हुज्जतबाजी करने लगा। जिससे थाने में हड़कंप मच गया। आनन फानन में ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों ने नशेड़ी युवक को पकड़कर आरक्षक से अलग किया। आरक्षक के सिर व चेहरे में चोट आई है, वहीं उसका वर्दी फट गया है। शनिवार को पुलिस ने नशेड़ी युवक के खिलाफ शराब पीकर हंगामा मचाने पर धारा 185 व प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

### नहीं लिखी गई रिपोर्ट

घायल आरक्षक घटना की रिपोर्ट थाने में लिखाने के लिए बैठा हुआ था। किन्तु उसकी रिपोर्ट नहीं लिखी गई और अधिकारियों के द्वारा बदनामी से बचने रिपोर्ट नहीं लिखाने का दबाव बनाया गया। जिससे घायल आरक्षक ने रिपोर्ट नहीं लिखाई है। ज्ञात हो कि होली में तोरवा व कोतवाली के सिपाहियों के साथ मारपीट हुई थी। उनकी भी रिपोर्ट नहीं लिखी जा रही थी। एसएसपी के फटकार के बाद उनकी रिपोर्ट लिखी गई थी।

### नशेड़ी पर कार्रवाई की गई है

महिला से हुज्जतबाजी कर हंगामा मचाने वाले नशेड़ी युवक पर कार्रवाई की गई। आरक्षक के साथ विवाद नहीं हुआ है।

-**रजनीश सिंह**, सिरगिट्टी टीआई

---

# अलग अलग घटनाओं में दो भाइयों सहित 4 पर चाकू से हमला, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग अलग घटनाओं में दो भाइयों सहित चार लोगों पर चाकू से हमला कर दिया गया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है।



मस्तूरी पुलिस के अनुसार, किरारी निवासी आशीष ताम्रकार पिता भागीरथी ताम्रकार 9 मई को रात 10.30 बजे मोहल्ले के शादी में शामिल होने गए थे। यहां गांव के सागर चौराहा व परमानंद चौराहा गाली गलौज कर रहे थे। उन्होंने मना किया तो उनके साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए दोनों युवकों ने उन पर चाकू से हमला कर दिया। उनका भाई सुमित ताम्रकार बीच बचाव करने आया तो उस पर भी चाकू से हमला कर दिया गया है। दूसरी घटना में सरकण्डा क्षेत्र के चिंगराजपारा कबीर चौक निवासी गायत्री साहू का पति सुनील साहू शराब पीने का आदी है। 9 मई को दोपहर 1.30 बजे सुनील साहू नशे में घर आया और गाली गलौज करने लगा। उन्होंने मना किया तो हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा। उनका बेटा अरमान साहू 14 साल बीच बचाव किया तो उस पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे उसके हाथ के हथेली में चोट आई है। तीसरी घटना में तोरवा क्षेत्र के देवरीखुर्द निवासी दीपक महंत पिता अगुन दास महंत 9 मई को बाइक से अपनी पत्नी सोनिया महंत एवं भाजी जानवी मानिकपुरी को बैठाकर शादी कार्यक्रम में शामिल होकर हेमूनगर मुर्राभाठा से घर लौट रहे थे। 11.30 बजे अग्रहरी लकड़ी टाल के पास रूपेश मानिकपुरी उसका जीजा देव मानिकपुरी आए और पुरानी रंजिश को लेकर विवाद करने लगे।

उन्होंने मना किया तो रूपेश मानिकपुरी गाली गलौज करते हुए चाकू से हमला कर दिया। उसके बाद जीजा साला गाली गलौज करते हुए भाग गए। पुलिस ने तीनों मामले में हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

---

# नशे में टंगिया से हमला कर सौतेले बेटे की हत्या

### फरार आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

चावल बेचकर शराब पीने को लेकर विवाद होने पर बुजुर्ग ने टंगिया से सौतेले बेटा की हत्या कर दिया। वहीं बीच बचाव करने आई पत्नी पर जानलेवा हमला घायल कर दिया। घायल महिला को इलाज के लिए कोटा अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

- पत्नी को किया जख्मी
- आरोपी ने चावल बेचकर पी थी शराब

कोटा टीआई तोप सिंह नवरंग ने बताया, डोंगरीपारा निवासी चोहन यादव 60 साल होटल में रोजी मजदूरी का काम करता है और शराब पीने का आदि है। उसने कमला बाई सारथी को दूसरी पत्नी बनाकर रखा है। कमला बाई की ओर से लखनलाल सारथी 30 साल बेटा है। शनिवार को उसने शासन से मिलने वाले चावल को बेचकर शराब पी लिया। जानकारी होने पर सौतेला बेटा लखनलाल सारथी ने चावल बेचने का विरोध किया तो चोहन यादव ने उसके साथ मारपीट करते हुए टंगिया से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। उसकी पत्नी कमला बाई बीच बचाव करने आई तो उसने उस पर भी टंगिया से जानलेवा हमला कर भाग गया।

आसपास के लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस दोनों मां बेटे को इलाज के लिए कोटा अस्पताल लेकर आए। जहां डाक्टर ने परीक्षण के बाद लखनलाल को मृत घोषित कर दिया। वहीं कमला बाई का इलाज चल रहा है। पुलिस फरार आरोपी की तलाश कर रही है।

---

### बिजली चोरी और बकाया राशि के 298 प्रकरण निपटे

**बिलासपुर।** बिजली चोरी और बकाया बिल को लेकर विद्युत विभाग द्वारा 3 हजार 8 सौ प्रकरण लोक अदालत में भेज गए थे। जिसमें 10 करोड़ 48 लाख रूपए की वसूली की जानी थी। शनिवार को लोक अदालत में विभाग के 298 प्रकरण निबटाए गए। जिसमें 92 लाख 20 हजार रूपए की वसूली हो चुकी है। विभाग द्वारा बकाया बिल के प्रकरण भी अब सीधे लोक अदालत तक पहुंचाया जा रहा है।

हरिभूमि बिलासपुर नं. 1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

---

**तीन महिलाएं गिरफ्तार**

# कोन्हेर गार्डन के पास पकड़ी गई संदिग्ध महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रक्षा टीम ने कोन्हेर गार्डन के पास दबिश देकर देह व्यापार करने वाले 3 महिलाएं व एक पुरूष को पकड़ लिया। पकड़े जाने पर महिलाएं महिला पुलिसकर्मियों के साथ हुज्जतबाजी करने लगीं। काफी मशक्कत के बाद चारों को महिला थाना लाकर गिरफ्तारी की गई है।

एसएसपी रजनेश सिंह को शिकायत मिली चांटापारा कोन्हेर गार्डन के आसपास देह व्यापार करने वाली महिलाएं व पुरूष खड़े हुए हैं, जिससे आसपास क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है। उन्होंने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तत्काल रक्षा टीम को कार्रवाई करने का आदेश दिया। उसके बाद रक्षा टीम ने मौके पर दबिश देकर चिंगराजपारा, बन्नाक चौक, सकरी की तीन महिलाएं व जरहाभाठा मिनीबस्ती निवासी प्रकाश मानिकपुरी पिता राजू मानिकपुरी 30 साल को पकड़ लिया। पकड़े जाने पर महिलाएं महिला पुलिसकर्मियों के साथ हुज्जतबाजी करने लगीं, जिससे आसपास क्षेत्र में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। काफी मशक्कत के बाद रक्षा टीम चारों को पकड़कर महिला थाना लेकर गई। पुलिस ने प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत चारों का गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है। ज्ञात हो कि इसके पूर्व में कोन्हेर गार्डन के आसपास से देह व्यापार में लिप्त महिलाओं को पकड़कर कार्रवाई की गई थी। उसके बाद भी देह व्यापार करने वाली महिलाएं वहां आकर खड़े होती हैं।



पुलिस की गिरफ्त में पकड़ी गई महिलाएं व युवक।

---

### युवक ने की फांसी लगाने की कोशिश

**बिलासपुर।** बाथरूम में नहा रही एक युवती का युवक मोबाइल में वीडियो बना रहा था। युवती के देख लेने से युवक ने बेल्ट से फांसी लगाने की कोशिश की। गिरने से उसका सिर फट गया है। उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। सिरगिट्टी टीआई रजनीश सिंह ने बताया, शनिवार को क्षेत्र में रहने वाली एक युवती नहा रही थी। इसी दौरान यदुनंदन नगर निवासी अभिषक मानिकपुरी अपने मोबाइल में युवती का वीडियो बना रहा था। युवती उसे वीडियो बनाते देख शोर मचाने लगी। आनन फानन में युवक भागकर अपने घर चला गया। कुछ देर बाद युवती अपने घरवालों के साथ युवक के घर पहुंच गई और हंगामा मचाने लगे। इसी दौरान युवक अपने कमरे में बेल्ट से फंदा बनाकर लटक गया। बेल्ट खुल जाने से नीचे गिर गया और उसका सिर फट गया। घरवालों के द्वारा घायल युवक को सिम्स में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। युवती की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123

10-MAY--REGNOL---pg-3-ALTOR_Layout 1 5/11/2025 12:25 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### भाजपा मंडल तखतपुर की कार्यकारिणी का गठन

**तखतपुर।** भाजपा मंडल के कार्यकारणी का विस्तार विधायक धर्मजीत सिंह के मार्गदर्शन में




जिला अध्यक्ष दीपक सिंह व मंडल अध्यक्ष नैनलाल साहू ने किया, जिसमें महामंत्री प्रमोद ठाकुर व प्रीतम कश्यप को बनाया गया। उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू, राज अभिषेक पांडे, मालती यादव, पुष्पलता रात्रे, मंडल मंत्री सरजू यादव, उधो साहू, प्रतिभा देवांगन, रमा कश्यप, कोषाध्यक्ष शिव देवांगन व मंडल कार्यसमिति के सदस्यों की कार्यकारणी की घोषणा हुई। सभी पदाधिकारी ने संगठन को मजबूत प्रदान करने की बात कही।

### भाजपा बिल्हा मंडल पदाधिकारियों एवं कार्यसमिति सदस्यों की घोषणा

**बोदरी।** बिलासपुर भाजपा के कोर ग्रुप के निर्णय पर भाजपा शहर अध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर की सहमति से भाजपा मंडल अध्यक्ष उमाशंकर कश्यप ने बिल्हा मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यसमिति सदस्यों की घोषणा की। इसके अनुसार मंडल उपाध्यक्ष नरेन्द्र सन्नाट, शिव यादव, विश्वासा मानिकपुरी, परमेश्वर राजपूत, महामंत्री वंदना जेंड्रे, छोटेलाल शर्मा, मंडल मंत्री जितेन्द्र जोगी, शशि श्रीवास, धनेश्वरी डहरिया, कमलेश बाई ध्रुव एवं कोषाध्यक्ष बलदेव अग्रवाल को बनाया गया। साथ ही मंडल कार्यसमिति सदस्य के रूप में श्रीकांत शर्मा, जगन्नाथ कौशिक, टिकाराम निर्णजक, उमा वैष्णव, महासिंह मरावी, रमेश वर्मा, बिंदा यादव, मोनिका बंजारे, गिरधारी निर्मलकर, सखन निषाद, कमलेशगिरी गोस्वामी, निर्मला धृतलहरे, खिलेन्द्र गेंदले, कामता साहू, सुरेश निषाद, अगर निषाद, सुधाराम पटेल, मालिकराम साहू, सरस्वती यादव, सखन मानिकपुरी, विमला रात्रे, चंद्रशेखर साह, नारद श्रीवास, घनश्याम जायसवाल, उधो साहू, गौरी बघेल, रामनिवास मरावी, सुकांति रात्रे, दीक्षा अग्रवाल, माधुरी तिवारी, रिखीराम ध्रुव, प्रमोद तिवारी, हेमंत यादव, सहोदा कौशिक को नियुक्त किया गया।

### श्रीवास भवन में हुई सेन समाज की बैठक



**मुंगेली।** श्रीवास समाज की ओर से श्रीवास भवन में बैठक आयोजित की गई, जिसमें श्रीवास समाज व्यवसायिक संघ सभी पदाधिकारी बैठक में उपस्थित रहे। बैठक में समाज को आगे बढ़ाने एवं सेन जयंती के विषय पर चर्चा हुई। बैठक में युवकों को समाज के प्रति आगे आने के लिए प्रेरित किया गया। सर्वसेन श्रीवास समाज जिला अध्यक्ष राजीव श्रीवास के ने सभी मुख्य बिंदुओं पर सामाजिक बंधुओ को जानकारी दी। बैठक में कार्तिक राम, सीताराम, रामावतार, मोहन, अशोक, मेलाराम, गिरजा शंकर, जलेश, विनोद, सोनू, नेतराम, रामप्रसाद, गोलू, सूरज, शत्रुहन, राज, पोषण, प्रीतम, नंद कुमार, परमेंद्र, मनीष, कलाम, नरेंद्र, जयकुमार, भोला, राहुल, दीपक, मनोज, राजकुमार, पुरुषोत्तम, रमेश, रामनारायण, रामा, गल्लू, प्रदीप, रंजीत, पप्पू, चन्द्रमड़ी, परमेश्वर, कैलाश, मुन्ना सहित सामाजिकजन उपस्थित थे।

### करियर गाइडेंस कार्यशाला एवं प्रतिभा सम्मान समारोह 24 को

**मुंगेली।** डॉ भीमराव अम्बेडकर शिक्षण संस्थान छत्तीसगढ़ की ओर से भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय परिसर में जिला स्तरीय 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा 2025 में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सभी जाति वर्ग के प्रतिभावान विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय निशुल्क करियर गाइडेंस कार्यशाला एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 24 मई शनिवार को सुबह 10 बजे से दो सत्र में किया जा रहा है। प्रथम सत्र में कैरियर गाइडेंस एवं द्वितीय सत्र में प्रतिभा सम्मान जिसमें जिले के समस्त शासकीय अशासकीय शालाओं में अध्ययनरत विद्यार्थी अपने रिजल्ट की इंटरनेट कॉपी और अपने एक अभिभावक के साथ उपस्थित हो सकते हैं, साथ ही पहले से भी पंजीयन करा सकते हैं। विस्तृत जानकारी के लिए संस्था के मोबाइल नम्बर 9303901651 पर संपर्क करें उक्त जानकारी संस्था अध्यक्ष राजेंद्र दिवाकर एवं सचिव एचआर भास्कर ने दी है।

### नपा बोदरी में हुई सामान्य सभा

**बोदरी।** शुक्रवार को नपा परिषद बोदरी में सामान्य सभा की बैठक हुई, जिसमें अध्यक्ष नीलम वर्मा, उपाध्यक्ष शिमला वर्मा, विधायक प्रतिनिधि रजनीश पांडेय, सभी सभापति, पार्षद एवं उनके प्रतिनिधि, मुख्य कार्यपालन अधिकारी भारती साहू, अभियंता एनके उपाध्याय सहित नपा के सभी विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे। सभा में 9 एजेंडा रखा गया था, जिस पर बारी-बारी से प्रस्ताव रखा गया। इसमें सिटी डेवलपमेंट प्लान के अंतर्गत अलग अलग वार्डो में विकास कार्यों को देखते हुए लगभग 24 करोड़ के प्रस्ताव पारित हुए। गर्मी में जल समस्या को देखते हुए टैंकर से जल सप्लाई हेतु ट्रेक्टर हेड का टेंडर भी प्रस्ताव पास हुआ। शासन की विभिन्न योजनाओं के लाभ से कोई वंचित न हो उसके लिए महिला पेंशन, मुख्यमंत्री पेंशन, सामाजिक सहायता, राष्ट्रीय परिवार सहायता, प्रधानमंत्री आवास योजना जैसे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई और प्रस्ताव पास हुए।

## कसरत के लिए आने वालों को हो रही निराशा

# देखरेख के अभाव में शहर का जिम पार्क बदहाल, नहीं मिल रही सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

शहरवासियों को फिट रखने शहर में पार्क के अलावा कलेक्टोरेट, निरजंन प्रसाद केशरवानी बाल, जिला अस्पताल सहित अन्य जगहों पर ओपन जिम की सुविधा दी गई है। लेकिन देखरेख के अभाव में सभी जिम का हाल बेहाल है।

लाखों रूपए की लागत से खरीदी गई जिम की कई मशीनें जाम हो चुकी हैं एवं जंग लगने की वजह से मशीनों ने काम करना बंद कर दिया है। ऐसे में लोग ओपन जिम का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। जिम्मेदार लोगों को जानकारी होने के बाद भी मरम्मत की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मेंटेनेंस के अभाव में तमाम मशीनें दम तोड़ती नजर आ रही हैं। शहर के उद्यान मे जहां पर ओपन जिम की सुविधा दी गई है। इसके अलावा कुछ अन्य स्थानों में ओपन जिम बनाए गए हैं, जहां साल भर पहले तक सुबह-शाम लोगों के भीड़ लगी रहती थी, जो इनका उपयोग कर स्वथ्य शरीर का निर्माण करते नजर आते थे। लेकिन ऐसे लोगों कि संख्या कम हो गई हैं, क्योंकि आधे से ज्यादा मशीनें काम नहीं कर रही हैं। ऐसे में कई जगहो में सैर-सपाटे के लिए आने वालों को निराश होना पड़ रहा है।



ओपन जिम में टूटा हुआ झूला।

**टूट चुके हैं बच्चों के झूले**

उद्यानों में छोटे बच्चों के लिए कई तरह के झूले व मनोरंजन के अन्य साधन भी उपलब्ध कराए गए हैं, ताकि बच्चे खेल-खेल में ही मजबूत बन सके, लेकिन ज्यादातर जगहो में ये झूले व अन्य साधन भी टूटने लगे हैं एवं इनकी मरम्मत पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

**अन्य उपकरण भी क्षतिग्रस्त**

शासन की ओर से लाखों रूपये खर्च कर शहर के अनेक स्थानो में ओपन जिम स्थापना की गई थ, लेकिन देखरेख के अभाव मे ओपन जिम बदहाल नजर आ रहा है। पार्क अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहे हैं एवं अन्य उपकरण टूटे पड़े हैं। इसके चलते लोगों मे मायूसी देखी जा रही है। इसी तरह कई जगहो से ओपन जिम के कई उपकरणों को उखाड़ ले गए।

## शैक्षणिक भ्रमण पर रायपुर पहुंचे आत्मानंद स्कूल के विद्यार्थी

**मुंगेली।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा के कक्षा 6वीं से 12वीं तक दोनों माध्यम के विद्यार्थीयों व शिक्षकों सहित कुल 164 लोग 9 मई को एक्सपोजर विजिट पर रायपुर पहुंचे। विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ विधानसभा भवन अंतर्गत कक्ष, लाइब्रेरी, अध्ययन कक्ष, समिति कक्ष, गर्भ गृह आदि देखा। साथ ही 56 एकड़ भूमि में नया रायपुर में निर्माणाधीन 200 सीटर नवीन विधानसभा के मॉडल का अवलोकन किया।

विधानसभा सचिवालय के अधिकारियों ने बैठक की कार्यवाही एवं प्रक्रिया के बारे में विद्यार्थियों को विस्तार से बताया एवं बच्चों से प्रश्न पूछकर उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया। विधानसभा सचिवालय द्वारा प्रतिभागी विद्यार्थियों को अब तक विधानसभा से संबंधित अद्यतन जानकारी का बुकलेट वितरित किया गया। इसके उपरांत साइंस पार्क में विज्ञान के अनुसंधान संबंधी विभिन्न मॉडलों का अवलोकन कर विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। इसके ऊर्जा पार्क का भ्रमण कर सोलर पैनल के माध्यम से चलित विभिन्न खेल-कूल एवं विविध गतिविधियों में हिस्सा लिया।

शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न रोचक स्थलों का प्रत्यक्ष अवलोकन होने से उनमें अनुसंधान संबंधी शैक्षणिक जानकारी का विकास हुआ एवं उनमें नई-नई बातें जानने को लेकर कौतूहल दिखी। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान कार्यक्रम प्रभारी पंकज मिश्रा सहित व्याख्याता महादेव यादव, हरिशंकर गुप्ता, सांत्वना दत्ता, रूही फातिमा, संध्या कुजूर, पारूल ओझा, ज्योति जायसवाल, शिक्षक वीर सिंह सिकन्दर, ललिता प्रसाद पाटले, डुलेश गबेल, पीटीआई राजेन्द्र प्रसाद साहू, कार्यालय लिपिक बंशीलाल कुम्हार एवं राकेश साहूउपस्थित रहे। उक्त जानकारी शाला प्राचार्य डॉ आईपीयादव ने दी।



शैक्षणिक भ्रमण के दौरान शाला स्टाफ।

## सूने मकान पर चोरों ने बोला धावा, लाखों के गहने व नकद पार

**गौरेला।** सूने मकान पर धावा बोलते हुए चोरों ने लाखों का गहने, नकद रकम सहित अन्य सामग्री लेकर फरार हो गए। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गौरेला के ग्राम मढ़ना निवासी मेडिकल दुकान संचालक जियालाल साहू ने गौरेला थाने में शिकायत दर्ज कराई कि विगत दिनों उनके भांजे की शादी में शामिल होने अपने पूरे परिवार के साथ गौरेला के पतेराटोला गए हुए थे। 5 मई की रात चोरों ने उनके सूने मकान पर धावा बोल दिया और अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे 2 लाख 40 हजार के गहने, 10 हजार रुपए नगद सहित अन्य सामान लेकर फरार हो गए। अगले दिन सुबह लगभग 6.30 उनकी पत्नी अपने घर पहुंचीं तो उन्होंने देखा कि किचन से लगे स्टोर रूम का रोशनदान सहित बेडरूम में रखी अलमारी का डोर टूटा हुआ है। साथ ही आलमारी में रखा सारा सामान भी गायब था। उन्होंने घटना की शिकायत गौरेला थाने दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 3319 BNS-305 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आगे की कार्रवाई शुरू की।

**लगातार बढ़ रही चोरी की घटना**

जिले में लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं, चोर सूने मकानों में सेंधमारी कर चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं एवं क्षेत्र में लगातार बाइक चोरी भी हो रही है। अभी 1 दिन पूर्व ही पेंड्रा में रहने वाली शिक्षिका के घर चोरी हुई थी। हालांकि चोरों के पकड़ लिया गया था, लेकिन क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं।

## मंगल भवन का भूमिपूजन, स्वास्थ्य मंत्री व विधायक हुए शामिल



**पेंड्रा।** नगर केशरवानी वैश्य कल्याण समिति की ओर से शासन से प्राप्त भूमि पर मंगल भवन निर्माण का भूमिपूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, मरवाही विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची एवं नपा अध्यक्ष राकेश जलान के साथ ही प्रदेश केसरवानी सभा के प्रदेश पदाधिकारी रत्नमानी गुप्ता, अशोक केसरवानी, निलेश केसरवानी उपस्थित रहे। साथ ही जिले के समस्त सामाजिक बंधु उक्त कार्यक्रम में उत्साह के साथ उपस्थित रहे। कर्यक्रम में नन्हे-नन्हे बच्चों के लिए संगीत का कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। प्रभारी मंत्री जयसवाल ने समाज को भवन निर्माण हेतु 25 लाख रुपए की घोषणा की। नपा अध्यक्ष राकेश जालान ने भवन निर्माण हेतु 10 लाख रुपए की घोषणा की गई। घोषणाओं के दौर मे सामाजिक बंधु मनोज गुप्ता पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष एं देवनारायण केसरी पेंड्रा, नीरज पंकज केसरवानी, महेंद्र योगेश केसरवानी ने एक-एक कमरा अपने पूर्वजों के नाम पर बनाए जाने की घोषणा की। कार्यक्रम को सफल बनाने में केसरवानी नगर सभा वैश्य कल्याण समिति एवं तरुण सभा व महिला सभा के समस्त पदाधिकारी का विशेष सहयोग रहा।

## पुलिस के जवानों को दिया गया फायर एंड सेफ्टी प्रिशक्षण

**मुंगेली।** पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर छाबड़ा द्वारा रक्षित केन्द्र में रक्षित निरीक्षक नरगिस ख्रीष्ट तिग्गा बघेल के नेतृत्व में जिले में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों की साप्ताहिक जनरल परेड ली गई। पुलिस विभाग में परेड को अनुशासन की नींव माना जाता है, यह न केवल अनुशासन को मजबूत करती है बल्कि टीम वर्क की भावना भी विकसित करती है। इससे पुलिस के जवान शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त रहते हैं।

सलामी पश्चात पुलिसकर्मियो के टर्नआउट का निरीक्षण कर चेक किया गया। इसी दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में फायर एण्ड सेफ्टी के संबंध में पुलिसकर्मियों को फायर अभ्यास कराया गया। इसके तहत जिला नगर सेना कार्यालय मुंगेली से अग्निशमन विभाग ने बताया कि गैस सिलेंडर में आग लगने पर कैसे बुझाया जाए तथा घर एवं दुकान में आग लगने पर तुरंत क्या करना चाहिए। इसी क्रम में पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को अग्निशमन यंत्र चलाकर इसकी जानकारी दी गई। वहीं मौके पर आपातकाल स्थिति में बचाव को लेकर मॉक ड्रिल कराया गया तथा गैस टंकी में आग लगने पर मौके पर गैस टंकी में लगी आग के विपरीत दिशा में खड़े होकर कंबल को पानी में भीगाकर बुझाया गया एवं सुरक्षा संबंधी निर्देश दिए गए। परेड में उप पुलिस अधीक्षक एसआर धृतलहरे, रक्षित निरीक्षक नरगिस ख्रस्टि तिग्गा बघेल, जिले के पुलिस अधिकारी–कर्मचारी एवं यातायात स्टाफ उपस्थित रहे।



फायर एण्ड सेफ्टी के संबंध में प्रिशक्षण।

## विभिन्न विभागों के हितग्राहियों को किया गया लाभान्वित

# कलेक्टर ने किया डिंडौरी में समाधान शिविर का निरीक्षण

**लोरमी।** ग्राम डिंडौरी स्थित शासकीय हाईस्कूल मैदान में शनिवार को समाधान शिविर का सफल आयोजन हुआ, जिसमें कलेक्टर कुन्दन कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में अपनी बीपी की जांच कराई एवं आमजनों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया।

साथ ही कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में रोशन साहू को 95.16 प्रतिशत एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में नारायण यादव 91.60 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास के शिविर में 6 हितग्राहियों को सुपोषण किट प्रदान कर पोषण के प्रति जागरूक किया। उन्होंने स्व सहायता समूह द्वारा हस्तनिर्मित सामग्रियों का भी अवलोकन किया और उनका उत्साहवर्धन किया। कलेक्टर ने मंच से विभिन्न विभागों के हितग्राहियों को लाभान्वित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 5 हितग्राहियों को आवास स्वीकृति का आदेश दिया। इसी तरह 2 स्वसहायता समूहों को चक्रीय निधि व 2 को सामूहिक निवेश कोष, 2 लखपति दीदी को प्रमाण पत्र, स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत 6 हितग्राहियों को शौचालय निर्माण स्वीकृति पत्र, 5 हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति आदेश, मनरेगा अंतर्गत 5 को जॉब कार्ड एवं 5 को कार्य स्वीकृति आदेश, आयुष्मान भारत अंतर्गत 5 कार्ड वितरण, 7 हितग्राहियों को राशन कार्ड, नोनी सुरक्षा योजना 10 हितग्राहियों को बॉन्ड पेपर, 5 कृषकों को पावर स्प्रेयर मशीन, उद्यान विभाग ने 5 को फलदार पौधे, दिव्यांग सहायता के तहत 7 हितग्राहियों को ट्राई साइकिल, एमआर किट, श्रवण यंत्र, मछली पालन के लिए 1 हितग्राही को महाजाल, सहकारिता विभाग के तहत 5 से अधिक किसानों को क्रेडिट कार्ड एवं एटीएम कार्ड वितरण किया गया।





लोक अदालत में शामिल लोग।

## लोक अदालत में 17 हजार 371 प्रकरणों का निराकरण

**मुंगेली।** द्वितीय नेशनल लोक अदालत में कुल 17 हजार 371 प्रकरणों का निराकरण किया गया तथा 51 लाख 13 हजार 673 अवार्ड राशि रही। वर्ष 2025 के द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन 10 मई को जिला न्यायालय, तहसील न्यायालय एवं राजस्व न्यायालय में किया गया।

जिला न्यायालय मुंगेली में नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ 10.45 बजे प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश गिरिजा देवी मेरावीने किया। नेशनल लोक अदालत हेतु जिला न्यायालय में कुल 6 खंडपीठ तहसील न्यायालय लोरमी में 1 खंडपीठ तथा राजस्व न्यायालय में कुल 8 खंडपीठ का गठन किया गया। नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित कुल प्रकरण 1 हजार 8 सौ 32 एवं जिला न्यायालय व राजस्व न्यायालय में प्रस्तुत प्री-लिटिगेशन प्रकरण 19 हजार 8 सौ 23 कुल 21 हजार 6 सौ 55 सुनवाई हेतु रखे गए। इनमें से न्यायालय में लंबित कुल 1 हजार 438 प्रकरणों का निराकरण किया गया एवं 50 हजार 45 हजार 772 रूपये राशि अवार्ड पारित की गई। प्री–लिटिगेशन प्रकरणों में कुल 15 हजार 933 प्रकरणों का निराकरण किया गया एवं 67 हजार 931 रूपए की राशि का अवार्ड पारित किया गया। इस नेशनल लोक अदालत में राजीव कुमार न्यायाधीश परिवार न्यायालय के खंडपीठ ने पति एवं पत्नी के मध्य की गई काउंसलिंग के माध्यम से पति एवं पत्नी को उनके मध्य उत्पन्न विवादों को भुलाकर, साथ रहने के संबंध में समझाईश दी। इस प्रकार उभयपक्षों की सहमति से नेशनल लोक अदालत में आपसी समझौता के तहत प्रकरण का निराकरण किया गया।

## नेशनल लोक अदालत में विभिन्न प्रकरणों का निराकरण



लोक अदालत में प्रकरणों का निराकरण करते न्यायिक अफसर।

**पेंड्रा।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बिलासपुर सिराजुद्दीन कुरैशी के मार्गदर्शन में 10 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन व्यवहार न्यायालय पेंड्रा में किया गया।

जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश ज्योति अग्रवाल की न्यायालय से सिविल प्रकरण में हिन्दू विवाह अधिनियम के विवाह विच्छेद से संबंधित 3 प्रकरणों में पक्षकारों के मध्य राजीनामा कराते हुए पारिवारिक महत्व को समझाया गया। व्यवहार न्यायालय पेण्ड्रारोड में पदस्थ न्यायाधीशों ने लोक अदालत में मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण अंतर्गत 5, एमजेसी सिविल के 7 तथा 2 क्रिमिनल प्रकरणों निराकरण किया। इसी प्रकार मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महेश बाबू साहू की न्यायालय से सिविल के 3, धारा 125 दंप्रसं के तहत 2, परक्राम्य लिखत अधिनियम के तहत 1, ट्रैफिक चालान के 362 एवं आबकारी अधिनियम के 9 प्रकरण तथा 17 क्रिमिनल प्रकरणों सहित कुल 394 प्रकरणों का निराकरण किया गया। न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी कुमारी सीमा जगदल्ला की न्यायालय से सिविल के अंतर्गत धारा 125 दंप्रसं के तहत 2, परक्रात्य लिखत अधिनियम के तहत 1, ट्रैफिक चालान के अंतर्गत 202 एवं कुल 17 क्रिमिनल प्रकरणों सहित कुल 633 प्रकरणों का निराकरण किया गया।

नेशनल लोक अदालत में अनेक पक्षकार लाभान्वित हुए हैं। न्यायाधीश व अधिवक्ताओं ने न्यायालय परिसर में उपस्थित पक्षकारों को विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर कानून की जानकारी दी। साथ ही अग्निशमन यंत्र को संचालित करने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लोक अदालत में क्षेत्रिय परिवहन विभाग ने शिविर लगाकर पक्षकारों को उनके वाहनों के लिए एचएसआरपी नंबर प्लेट लगवाने की सुविधा की एवं हितग्राहियों को ड्रायविंग लायसेंस हेतु भी पंजीयन कराया गया।

## डीएड अभ्यर्थियों ने सीएम डिप्टी सीएम से लगाई गुहार

**मुंगेली।** डीएड अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री अरुण साव से गुहार लगाते हुए ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन देने गए डीएड धारी निलेश साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ में 2023 में बस्तर और सरगुजा सम्भाग के लिए 6 हजार 2 सौ 82 पदों पर सहायक शिक्षक के लिए भर्ती निकाली गई थी।

इस भर्ती में 2 हजार 8 सौ 55 बीएड डिग्री वालों की नियुक्ति की गई थी, जिसे हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर बाहर किया गया एवं उनके स्थान पर पर डीएड डिप्लोमा वालों की नियुक्ति का फैसला दिया गया। जिस पर आगे कार्यवाही करते कर हुए स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 2 हजार 6 सौ 15 पदों पर कॉउंसलिंग कराई गई। इन पदों पर कॉमन मेरिट होल्डर जो बिना डीएड, बिना टीईटी अर्थात बिना योग्यता के होते हुए जो भी परीक्षा में बैठा उन सभी को काउंसलिंग में बुलाया गया। उन सभी के लिए स्कूल अलॉटमेंट कर दिया गया, जिसके कारण सभी 2615 अभ्यर्थियों को पात्र कैंडिडेट नहीं माना जा सकता। ऐसे में 1 हजार 3 सौ 16 पदों के लिए अगली सूची निकालकर पात्र कैंडिडेट के लिए पुनः लिस्ट जारी कर काउंसलिंग कराया जाना चाहिए था। जिले के सभी डीएड धारी अभ्यर्थीयों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री अरुण साव से निवेदन किया है कि हमारे बुजुर्ग माता-पिता और हमारे सपने को ना मारा जाए। उन्होंने छत्तीसगढ़ में सुशासन सरकार द्वारा आगे छठवीं चरण की काउंसलिंग 1 अनुपात 3 में कराकर सहायक शिक्षक भर्ती 2023 को संपन्न कराने की मांग की है।